# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 2 दिसंबर 2024


स्थिरता विश्वास विकास

# नकली पहचान/ पार्सल स्कैम से सावधान रहें!



आरबीआई/बैंकों/सरकारी एजेंसियों/कूरियर कंपनियों के अधिकारियों के नाम से आने वाले ऐसे **साइबर अपराधियों** के ऑडियो/वीडियो कॉल से सावधान रहें, जो कानूनी कार्रवाई करने की **धमकी देते हैं** या **तुरंत पैसे की मांग** करते हैं या आपके बैंक खाते या डेबिट/क्रेडिट कार्ड को **फ्रीज़** या **ब्लॉक** करने का डर दिखाते हैं।

## क्या न करें

- **घबराएं नहीं –** धोखेबाज़ आपको फंसा सकते हैं
- कोई भी निजी/वित्तीय जानकारी **साझा न करें**
- भुगतान करने के लिए अज्ञात लिंक पर **क्लिक न करें**

## क्या करें

- हमेशा कॉल करने वाले/फ़ंड अनुरोध की **वास्तविकता की पुष्टि** करें
- cybercrime.gov.in पर **तुरंत रिपोर्ट करें** या 1930 पर सहायता के लिए कॉल करें




अधिक जानकारी के लिए, **https://rbikehtahai.rbi.org.in/fraud** पर जाएं

फ़ीडबैक देने के लिए, **rbikehtahai@rbi.org.in** को लिखें

जनहित में जारी

**भारतीय रिज़र्व बैंक**

**RESERVE BANK OF INDIA**

www.rbi.org.in

*महाकाल मंदिर में लड्डू प्रसादी के लिए एटीएम जैसी मशीन प्रयोग के तौर पर लगाई गई है। इस मशीन का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकार्पण किया। इस मशीन से श्रद्धालुओं को अब 24 घंटे प्रसादी मिल सकेगी। फिलहाल यह व्यवस्था प्रायोगिक तौर पर लगी हुई है और दर्शनार्थी सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक लड्डू प्रसाद खरीद सकेंगे।*

**देशभर से आने वाले भक्तों को होगी सहूलियत**

मंदिर के गेट नंबर 1 पर और भी लगेंगी मशीन

# महाकाल मंदिर में अब मशीन से बार कोड स्केन कर 24 घंटे खरीद सकेंगे प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मंदिर में शुरुआत में दो मशीनें और मंगवाई गई हैं, जो जल्द ही काम करना शुरू कर देंगी। यह हाईटेक सुविधा देश के किसी भी अन्य मंदिर में उपलब्ध नहीं है। बताया गया कि 100 ग्राम का पैकेट 50 रुपए, 200 ग्राम का 100 रुपए, 500 ग्राम का 200 रुपए और एक किलो का पैकेट 400 रुपए में मिलेगा। बता दें कि मंदिर समिति एक नंबर गेट के समीप एक और लड्डू मशीन स्थापित कर रही है। करीब 5 दिन पहले निर्माण कंपनी ने मशीन को मंदिर कार्यालय पहुंचाया था। अब कंपनी के टेक्नीशियन मशीन को मंदिर के एक नंबर गेट के समीप स्थापित किया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार एक-दो दिन में मशीन से लड्डू प्रसाद के विक्रय की 24 घंटे शुरुआत हो सकती है।

**कैसे काम करेगी प्रसादी मशीन :** बताया गया है कि यह मशीन एटीएम मशीन की तरह करेगी। प्रसाद के लिए मशीन में क्यूआर कोड स्कैन का विकल्प होगा। श्रद्धालु ऑनलाइन पेमेंट कर 24 घंटे लड्डू प्रसादी प्राप्त कर सकेंगे। बताया गया कि 150 पैकेट एक बार में रखे जा सकेंगे। मंदिर प्रशासक ने बताया कि मशीन के आने के बाद इसे बैंक से कनेक्ट किया जाएगा। इसमें 100 ग्राम से लेकर 500 ग्राम तक के पैकेट रखे जाएंगे। इसके बाद मशीन को दोबारा रिफिल करना पड़ेगा।

**प्रतिदिन बनते हैं 50 से 60 क्विंटल लड्डू :** महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल का लड्डू प्रसाद उपलब्ध कराया जाता है। प्रतिदिन 50 से 60 क्विंटल लड्डू मंदिर समिति द्वारा बनाए जाते हैं, जिसे बाद में भक्तों को प्रसादी के रूप में बांटा जाता है। महाकाल का लड्डू प्रसाद 400 रुपए प्रति किलो मिलता है। मंदिर समिति हर माह करीब 12 हजार लड्डू प्रसादी के पैकेट छपवाती है।

**100 ग्राम से 1 किलो तक मिलती है प्रसादी :** त्यौहारों पर महाकाला मंदिर में प्रसादी के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है। यह लड्डू प्रसाद 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम और 1 किलो के पैकेट में मिलता है। अभी मंदिर में लड्डू प्रसादी के सात काउंटर हैं। हर काउंटर पर एक-एक कर्मचारी सुबह से शाम तक प्रसाद देने के लिए नियुक्त किया गया है।

**मानकों का रखा जाता है विशेष ध्यान :** खरीदी गई सामग्री को एफएसएसएआई के मानकों के अनुरूप रखा जाता है। जैसे चने व रवा की दाल को दीवार से करीब दो फीट दूर और नीचे प्लास्टिक के रैक रखकर स्टोर किया जाता है। इनमें नमी न आए इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। ड्रायफ्रूट को एयर कंडीशनर कमरे में रखा जाता है।

## 24 घंटे मिलेगा बाबा महाकाल का प्रसाद

उज्जैन महाकाल मंदिर में अब श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे लड्डू प्रसादी मिल सकेगी। इसके लिए महाकाल मंदिर के प्रशासक गणेश धाकड़ ने बताया कि भोपाल के एक दानदाता ने दो मशीनें मंदिर में दान देने की बात कही है। बताया गया कि कोयम्बटूर की 5जी टेक्नोलॉजी नामक कंपनी को लड्डू प्रसादी पैकेट की ऑटोमैटिक मशीन का ऑर्डर दिया गया। दो-तीन दिनों में एक मशीन मंदिर में आ जाएगी।




**एक लड्डू का वजन 50 ग्राम**

लड्डू प्रसादी के लिए 100 ग्राम, 200 ग्राम, 500 ग्राम और 1 किग्रा लड्डुओं की पैकिंग की जाती है। एक लड्डू का वजन लगभग 50 ग्राम रखा जाता है। इसके लिए इलेक्ट्रिक तोल कांटा इस्तेमाल किया जाता है। इस तोल कांटे की भी समय-समय पर जांच की जाती है। महाकाल मंदिर में मांग के अनुसार अलग-अलग वजन के पैकेट्स जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### चिन्मय दास की जमानत याचिका पर सुनवाई कल



**ढाका।** बांग्लादेश की एक अदालत ने पिछले सप्ताह राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की जमानत पर सुनवाई के लिए तीन दिसंबर की तारीख तय की है। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त मोफिज उर रहमान के अनुसार, मंगलवार की सुनवाई मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफ उल इस्लाम द्वारा की जाएगी।

### छह दिसंबर को पंजाब के किसानों का दिल्ली कूच



**चंडीगढ़।** पंजाब के किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने रविवार को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी सहित किसानों के मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रदर्शनकारी किसानों के साथ कोई बातचीत नहीं करने का केंद्र पर आरोप लगाते हुए निशाना साधा और कहा कि किसान नेताओं के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों का एक समूह छह दिसंबर को दिल्ली की ओर कूच करेगा।

### तीन करोड़ की चरस जब्त पांच गिरफ्तार, 3 नेपाली



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तीन नेपाली नागरिकों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 15 किलोग्राम चरस बरामद की जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। 20 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि नेपाल का एक व्यक्ति मजनू का टीला क्षेत्र में एक स्थानीय तस्कर को चरस की आपूर्ति कर रहा है। पुलिस की एक टीम ने एक छात्रावास पर छापा मारा और नेपाल के नागरिक प्रेम थापा, मोहम्मद जमील, गंगा गुरुंग थापा, अंकित बुद्धा को गिरफ्तार कर लिया।

**बयान पर सियासी संग्राम**

जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए
नागपुर में कथले कुल की बैठक में दिया बयान

# भागवत बोले- कम से कम 3 बच्चे होने चाहिए, वरना समाप्त हो जाएगा समाज

*आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने देश की जनसंख्या को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा, ''जनसंख्या में गिरावट चिंता का विषय है। आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो ऐसे में कोई परेशानी न होने पर भी कई भाषाएं और समाज धरती से लुप्त हो जाता है। भागवत ने कहा, हमें दो या तीन से अधिक बच्चों की आवश्यकता है, यह संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज को जीवित रहना चाहिए। मोहन भागवत के इस बयान के बाद सियासी संग्राम छिड़ गया है। कांग्रेस, सपा और ओवैसी सहित अन्य ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।*

एजेंसी ▶▶| नागपुर

भागवत के बयान के बाद जनसंख्या वृद्धि और जनसंख्या नियंत्रण के मुद्दे पर देशभर में बहस तेज हो गई है। विपक्ष ने इस पर राजनीति करने का आरोप लगाया है, जबकि संघ प्रमुख ने इसे समाज के अस्तित्व से जोड़ते हुए जनसंख्या नीति पर ध्यान केंद्रित किया है। मोहन भागवत ने जनसंख्या को लेकर यह चिंता नागपुर में कथले कुल की बैठक में जाहिर की। भागवत ने जनसंख्या नीति की ओर इशारा करते हुए कहा, हमारे देश की जनसंख्या नीति वर्ष 1998 या 2002 में तय की गई थी, जिसमें यह कहा गया था कि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे नहीं होनी चाहिए। यदि हम 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर चाहते हैं, तो हमें दो से अधिक बच्चों की जरूरत है। जनसंख्या विज्ञान भी यही कहता है। संख्या महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज का बने रहना जरूरी है।



### क्या बोले आरएसएस प्रमुख भागवत

भागवत ने कहा, आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है, तो वह समाज दुनिया से नष्ट हो जाता है. वह समाज तब भी नष्ट हो जाता है जब कोई संकट नहीं होता है। इस तरह से कई भाषाएं और समाज नष्ट हो गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 2.1 की जनसंख्या वृद्धि दर बनाए रखने के लिए समाज को दो से अधिक बच्चों की आवश्यकता है, इस तरह उन्होंने तीन बच्चों की जरूरत पर जोर दिया।

### उन्होंने जो कहा सही कहा : सपा प्रवक्ता

समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने कहा कि मोहन भागवत पिछले कुछ समय से जब कुछ बोलते है तो वह बीजेपी को असहज कर देता है। सपा समझती है कि अब मोहन भागवत के बयान के बाद अब बीजेपी के पास जवाब नहीं होगा। सपा की विचारधारा भले ही आरएसएस से न मिलती हो लेकिन अगर कुछ उन्होंने सही कहा है तो सही को सही कहना गलत नहीं है।

### शुरूआत स्वयं, मोदी और योगी से करवाएं : कांग्रेस

कांग्रेस नेता और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मोहन भागवत चाहते हैं कि 2 से ज्यादा बच्चे हों। मेरा तो उनको सुझाव है कि मोहन भागवत हैं, पीएम मोदी हैं, यूपी के सीएम योगी हैं तो सबसे पहले ये शुरुआत करें अगर इन्हें जनसंख्या की इतनी चिंता है तो, इनसे शुरुआत होनी चाहिए। सिंघार ने कहा कि जो पहले से हैं उनको तो नौकरियां दिलवा दो, नौकरियां है नहीं। देश में वैसे ही बेरोज़गारी है, जबकि जनसंख्या बढ़ती जा रही है।

### क्या गरीब परिवारों को 1500 रुपए माह देंगे : ओवैसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी मोहन भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा, भागवत जी कहते हैं कि जनसंख्या बढ़ानी चाहिए, लेकिन क्या वह यह सुनिश्चित करेंगे कि बच्चों को कुछ फायदा मिले? क्या वह गरीब परिवारों को हर महीने 1500 रुपये देंगे?

### महाराष्ट्र सरकार का अलग ही नजरिया: पाटिल

महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने मोहन भागवत के जनसंख्या बढ़ाने संबंधी बयान पर कहा कि पहले अजित पवार ने राज्य विधानसभा में एक बिल पेश किया था, जिसमें यह प्रस्ताव रखा गया था कि अगर किसी व्यक्ति के दो से ज्यादा बच्चे हैं, तो वह स्थानीय निकाय चुनाव में भाग नहीं ले सकेगा। जयंत पाटिल ने उम्मीद जताई कि अब नई सरकार इस कानून में बदलाव करने की दिशा में कदम उठाएगी और ऐसे लोगों को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाएगी, जिनके ज्यादा बच्चे हों।

*केजरीवाल ने किया ऐलान*

# दिल्ली चुनाव में अकेले उतरेगी आप, किसी से नहीं होगा गठबंधन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। इस बीच आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव आप अकेले लड़ेगी और किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। इससे पहले भी आप ने दिल्ली में किसी से गठबंधन नहीं करने के संकेत जरूर दिए थे, लेकिन अब केजरीवाल ने आधिकारिक तौर पर इसका ऐलान कर दिया है।

केजरीवाल ने दिल्ली में कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जब मुझे लगा कि दिल्ली में गैंगस्टर्स का राज हो गया है, खुलेआम गोलीबारी हो रही है तो मुझसे रहा नहीं गया। मैंने दिल्ली की स्थिति पर आवाज उठाई। पूरी दिल्ली में आज कारोबारी डर के माहौल में जी रहा है। रोजाना छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही हैं। महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक खतरे में हैं। मैंने बढ़ते अपराध पर आवाज उठाई।

### अपने ऊपर हुए हमले पर बोले केजरीवाल



30 नवंबर को ग्रेटर कैलाश इलाके में पदयात्रा के दौरान केजरीवाल पर तरल पदार्थ फेंका गया था। इस पर केजरीवाल ने कहा, ''दिल्ली की कानून व्यवस्था गृहमंत्री अमित शाह के पास है। मुझे लगा वो मेरी बात सुनकर कुछ कदम उठाएंगे और बदमाशों पर लगाम लगाएंगे। इसके बावजूद मुझ पर हमला किया गया। तरल पदार्थ फेंका गया, जो हानिरहित था, लेकिन हानिकारक भी हो सकता था। आप ने कल भी भाजपा पर हमले का आरोप लगाया था।

### हरियाणा में नहीं हुआ था कांग्रेस से गठबंधन

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो सका था। तब राहुल गांधी ने खुद गठबंधन की पहल की थी और दोनों पार्टियों के बीच कई दौर की वार्ता भी हुई थी, लेकिन अंत में सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। तब कहा गया था कि आप 10 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन कांग्रेस केवल 3 सीटें देने पर राजी थी।

# खड़गे बोले- देश की एकता को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे पीएम व भाजपा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- मल्लिकार्जुन खड़गे ने फिर साधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि दोनों ही देश की एकता को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और दोनों आम आदमी से नफरत करते हैं। वह देश को जाति और धर्मों के आधार पर बांटते हुए नफरत फैला रहे हैं। खड़गे ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित एक जनसभा में यह बात कही है। खड़गे की



यह टिप्पणी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के कुछ दिनों बाद आई है। इस चुनाव में पार्टी 288 में से केवल 16 सीटें ही जीतने में सफल रही है। इसके गठबंधन सहयोगी शिवसेना ने 20 और शरद पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने 10 सीटें जीती हैं। इसके उलट भाजपा ने अपने दम पर 132, एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार वाली एनसीपी 41 सीटें जीतने में सफल रही है।

### नफरत के खिलाफ है हमारी लड़ाई- खड़गे

*खड़गे ने कहा, वे हमारी एकता को तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वे लोगों को धर्मों और जातियों के नाम पर लड़वा रहे हैं। वे एक जाति का श्रेष्ठ बताते हैं तो दूसरी को नीचे गिराते हैं। उन्होंने आगे कहा, वे आम आदमी को इसलिए पीछे छोड़ देते हैं क्योंकि वे उनसे नफरत करते हैं। हमारी लड़ाई इसी नफरत के खिलाफ है और इस लड़ाई के लिए राजनीतिक ताकत बहुत जरूरी है।*

# नायडू ने भंग किया वायएसआर कांग्रेस का राज्य वक्फ बोर्ड

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

देशभर में वक्फ विधेयक को लेकर छिड़ी बहस के बीच आंध्र प्रदेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य सरकार ने पिछली युवजन श्रमिक रेथू कांग्रेस के द्वारा गठित किए गए वक्फ बोर्ड को भंग कर दिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने एक आदेश भी जारी किया है, जिसमें राज्य वक्फ बोर्ड को भंग करने की घोषणा की गई है। सरकार अब नए सिरे से वक्फ बोर्ड का गठन करेगी।

वक्फ अधिनियम 1954 को दिवंगत प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने




पारित किया था। वर्तमान में प्रत्येक राज्य में एक वक्फ बोर्ड है, जिसके अध्यक्ष, राज्य सरकार के एक या दो नामित सदस्य, मुस्लिम विधायक और सांसद, राज्य बार काउंसिल के मुस्लिम सदस्य और इस्लामी विद्वान होते हैं।

### क्यों लिया गया भंग करने का फैसला

सरकार ने कहा कि वायएसआर कांग्रेस द्वारा गठित वक्फ बोर्ड मार्च, 2023 से निष्क्रिय है। इसमें सुन्नी और शिया समुदायों के विद्वानों और पूर्व सांसदों का प्रतिनिधित्व भी नहीं है। वहीं, बोर्ड के सदस्य के रूप में एसके खाजा के चुनाव को लेकर भी शिकायतें मिली हैं। वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार 'मुतवल्ली' के रूप में खाजा की योग्यता संदेह के घेरे में है। इसके अलावा कोर्ट में दायर मामलों के चलते अध्यक्ष का चुनाव भी लंबित है। इसी अधिनियम के तहत भारत सरकार की ओर से साल 1964 में सेंट्रल वक्फ काउंसिल ऑफ इंडिया के रूप में एक वैधानिक निकाय की स्थापना की गई थी।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

**चुनाव आयोग ने दर्ज कराया मामला, 63 सीटों की ईवीएम हैक करने का किया था दावा**

# 53 करोड़ दो, ईवीएम हैक कर देंगे, दावाकर्ता पर एफआईआर




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन हैक करने का दावा करने वाले सैयद शुजा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। 30 नवंबर को साउथ मुंबई के साइबर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। गत 14 नवंबर को सैयद शुजा का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वो दावा कर रहा था कि वह महाराष्ट्र चुनावों में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम को हैक कर सकता है। उसने नेताओं को ऑफर भी दिया था कि 53 करोड़ देने पर 63 सीटों की ईवीएम हैक कर देगा। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि ईवीएम हैक करने के दावे बिल्कुल निराधार, झूठे और अप्रमाणित हैं। बता दें कि इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट में इस मांग से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इसके अलावा कई पॉलिटिकल पार्टियों से जुड़े लोग ईवीएम पर सवाल उठाते रहे हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट कई बार ईवीएम पर अपना भरोसा जता चुका है। सैयद शुजा एक साइबर सिक्योरिटी रिसर्चर है, जो हैदराबाद का रहने वाला है।

### नेताओं से किया था संपर्क

बता दें कि वायरल वीडियो में शुजा ने कहा कि उसके पास महाराष्ट्र की 288 में से 281 सीटों के ईवीएम का एक्सेस है। हैकर शुजा ने नेताओं को चुनाव जिताने का लालच दिया था और 53 करोड़ रुपए देने पर महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में 63 जगहों की मशीनों को हैक कर सकता है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक


सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

**झलकियां**




69 वर्ष के पूर्व आईएएस दिनेश श्रीवास्तव भी दौड़े



हरिभूमि के संपादक समन्वय ब्रह्मवीर सिंह ने पूरी की मैराथन



हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी और हरिभूमि के महाप्रबंधक अनिल गहलावत ने कार्यक्रम में विशेष सहयोग के लिए एसएसपी संतोष सिंह को किया सम्मानित



मैराथन से पहले वार्मअप का ये भी अंदाज



सड़क पर बहाया पसीना

**'फ्रीडम रायपुर रन' मैराथन में हजारों हुए शामिल, प्रतियोगियों में दिखा गजब का उत्साह**

# रण में तन-मन के साथ दौड़ा देश, प्रदेश और विदेश हरिभूमि-आईएनएच के मेगा शो में 'जन समुद्र'

*रविवार तड़के, तालाब का किनारा और जनसमुद्र...यह दृश्य आम दिनों से हटकर था। अवसर था हरिभूमि और आईएनएच के मेगा शो- फ्रीडम रायपुर रन का। रायपुर के साथ प्रदेश दौड़ा, दूसरे राज्यों के धावक दौड़े और पचास से ज्यादा विदेशी भी। मरीन ड्राइव तेलीबांधा में भोर से पहले जुटी भीड़ का हिस्सा युवा ही नहीं, हर उम्र के लोग थे। उत्साह ऐसा कि तालाब किनारे रह रह कर चीअरअप का जोशीला शोर उठता रहा। दस किमी और पांच किमी की दौड़ में प्रदेश के नामचीन धावकों के साथ विदेशी युवाओं ने भी शिरकत की।*



10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर के मैराथन विजेताओं को किया गया पुरस्कृत। इस दौरान खेल मंत्री टंकराम वर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, पीसीसी चीफ दीपक बैज, हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, महापौर एजाज ढेबर, नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया, छत्तीसगढ़ चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी और एसएसपी संतोष सिंह मौजूद रहे।

| विजेता | प्रथम (पुरुष) | विजेता | प्रथम (महिला) | विजेता | प्रथम (पुरुष) | विजेता | प्रथम (महिला) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 किमी | बाबू गुर्जर/बलजीत सिंह (संयुक्त) 28.31 मिनट | 10 किमी | मीरा 36.08 मिनट | 5 किमी | अजय भास्कर 14.14 मिनट | 5 किमी | प्रियंका साहू 17.25 मिनट |

**झलकियां**





विजेताओं का सम्मान करते हुए अतिथि





खेल मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक एवं छॉलीवुड स्टार अनुज शर्मा, हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी एवं संपादक समन्वय ब्रह्मवीर सिंह ने भी बांधा समां।

*हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर*

*फिजा में ठंडक घुली हुई थी, आसमान में बादल भी छाए थे, बारिश भी हुई लेकिन खुद को फिट रखने दौड़ने का उत्साह लोगों में फीका नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ के सबसे प्रतिष्ठित समाचार पत्र दैनिक हरिभूमि और आईएनएच न्यूज के फ्रीडम रायपुर रन मैराथन में दौड़ लगाई, तो पूरा माहौल ही गर्म हो गया। रविवार की सुबह मैराथन से लोगों ने अपने दिन की शुरुआत जोश, उमंग और उत्साह के साथ की। सुबह 5:30 बजे से ही बड़ी संख्या में लोग दौड़ में शामिल होने दोस्तों, परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचने लगे थे। देश व विदेश से भी लोगों ने हिस्सा लिया। कई धावक विभिन्न जिलों से पहुंचे। छह बजे हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति के बीच जुंबा डांस से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों ने गजब का उत्साह देखने को मिला।*

*डांस की एनर्जी ने सभी में ऐसा जोश भरा की लोग खुद को रोक नहीं पाए और बॉलीवुड, छॉलीवुड और हॉलीवुड के गानों में जुंबा डांस कर संडे को फन डे बनाया। मैराथन में नए रिकॉर्ड भी दर्ज हुए। इस दौरान 10 किलोमीटर की दौड़ में बाबू गुर्जर और बलजीत सिंह संयुक्त रूप से 28 मिनट 31 सेकंड में पूरी कर पुरुष वर्ग में प्रथम विजेता बने। महिला वर्ग में मीरा 36 मिनट 8 सेकंड के साथ प्रथम रही। विजेता को 50 हजार पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा 5 किलोमीटर की दौड़ में* ▶▶ शेष पेज 2 पर

## पचास से ज्यादा विदेशी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया 5 साल से लेकर 70 साल के बुजुर्गों में दिखा उत्साह



### इनका भी रहा विशेष सहयोग

मैराथन को सफल बनाने में विशेष सहयोग के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के साथ-साथ एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा व पूर्व आईएएस दिनेश श्रीवास्तव को मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। पूरे आयोजन में खेल एंव युवा कल्याण विभाग का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में मंच संचालन आईएनएच की मुख्य एंकर सोनल भारद्वाज ने किया।

### जुंबा की बीट्स पर झूमे लोग

मैराथन से पहले जुंबा डांस के स्टेप में हर कोई झूमते नजर आए जब मंच में खेल मंत्री टंकराम वर्मा, पद्मश्री अनुज शर्मा व चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी के साथ हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी समेत स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक समन्वय ब्रह्मवीर सिंह ने भी जुंबा डांस कर कार्यक्रम का माहौल ही बदल दिया। इन्हें देखकर सामने मौजूद अन्य लोगों ने भी डांस स्टेप्स को फॉलो किया। अपने डांस स्टेप्स के जरिए लोगों को वर्कआउट कराया। इस दौरान डांस ट्रेनर ने रिमिक्स गानों पर लोगों को अलग- अलग स्टेप्स में जमकर डांस कराया। लोगों को बताया कि जुम्बा डांस से पूरी बॉडी की एक्सरसाइज हो जाती है। कार्यक्रम में ट्रैफिक एआईजी संजय शर्मा भी अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने ने भी खास अवसर पर अपने डांस मूव्स के जरिए लोगों को झूमने पर मजबूर किया साथ ही फिटनेस के प्रति इंस्पायर करते नजर आए।

### अतिथियों ने आयोजन के स्पांसर का किया सम्मान

*मैराथन में टाइटल स्पांसर फ्रीडम सनफ्लावर ऑयल, एसोसिएट स्पॉन्सर भारतवासी अगरबत्ती, कंक्रीट टीएमटी, आईबी ग्रुप, एबिस, रूंगटा समूह आर-1, रामा टीएमटी, वचन, इफको, संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन, आउटडोर पार्टनर एएसए एडवरटाइजर, विशेष सहयोग छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं रायपुर पुलिस, खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ का रहा। इस दौरान फ्रीडम ऑयल के विनोद नायर, आईबी ग्रुप, एबिस के परवेज खुर्शीद, राहुल देवांगन, प्रमोद श्रीवास्तव, रूंगटा समूह आर-1 के डॉ. पंकज शाडे, प्रो. हीराराम साहू, वचन (शारदा ग्रुप) के सीनियर जनरल मैनेजर एंड मार्केटिंग तुषार शांति राय, रामा टीएमटी के ब्रांडिंग हेड स्वामी समवर्धिका शर्मा समेत संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. यूसुफ मेमन व एएसए एडवरटाइजर (आउट पार्टनर ऑफ फ्रीडम रायपुर रन) के आशीष अग्रवाल को मोमेंटो देकर* ▶▶ शेष पेज 2 पर

**मंत्री, विधायक और एसपी ने लगाई दौड़**



## स्वस्थ शरीर नहीं तो करोड़ों रुपए का भी मतलब नहीं

समापन समारोह में खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने मैराथन के सफल आयोजन के लिए हरिभूमि और आईएनएच न्यूज को बधाई दी। उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखना है। मैराथन के जरिए बड़ी संख्या में लोग जुड़े। फिट रहने के लिए दौड़ जरूरी है। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जब तक हमारे पास स्वस्थ शरीर नहीं रहेगा, तब तक करोड़ों रुपए का भी कोई मतलब नहीं। जिस दिन शरीर ने साथ नहीं दिया तो आपका पैसा सेहत में चला जाएगा। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना जरूरी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि खेल और अनुशासन का एक गहरा रिश्ता है। मैं भी खिलाड़ी रहा हूं। लंबे समय तक क्रिकेट मैंने भी खेला है। जीवन में खेल को होना बेहद जरूरी है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।



मैराथन में नाइजेरियन छात्रों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाया

चिंतन

# 2030 तक एड्समुक्त भारत कठिन चुनौती

सरकार की ओर से व्यापक स्तर पर जागरूकता और स्वास्थ्य कार्यक्रम का असर है कि देश में एड्स से जुड़ी मौतों में 79 प्रतिशत की कमी आई है, और नए मामले 44 फीसदी घटे हैं। विश्व एड्स दिवस पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने वर्ष 2030 तक एड्स के खात्मे के यूएन के सतत विकास लक्ष्य के प्रति भारत की तेज प्रगति का ब्योरा दिया है। नब्बे के दशक से भारत सरकार एचआईवी/एड्स के खतरों व बचाव के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूएन एड्स की पहल पर वर्ष 1988 से एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, इस दिन इस बीमारी के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाई जाती है। भारत शुरू से एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम में शामिल है। इस बार इंदौर में एड्स दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस बार की थीम 'टेक द राइट पाथ, माई हेल्थ माई राइट' है, इस थीम पर आगे बढ़ते हुए संयुक्त राष्ट्र की ओर से वर्ष 2030 तक एड्स को जड़ से मिटाने का संकल्प लिया गया है, हालांकि समाज में खासकर महानगरों में यौन संबंधों को लेकर खुलापन आने, मल्टीपार्टनर कल्चर पनपने, ड्रग्स के अधिक प्रयोग व टैटू कल्चर में वृद्धि से एचआईवी के खतरे बढ़े ही हैं। ऐसे में लक्ष्य मुश्किल लग रहा है, वर्ष 2030 तक एड्स मुक्त भारत कठिन चुनौती होगी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अभी देश में करीब 17.30 लाख लोग एड्स के साथ जी रहे हैं। यूएन लक्ष्य पाने के लिए भारत सरकार जांच और चिकित्सा के नवीन उपाय अपनाएगी, '95-95-95' के फॉर्मूले पर चलेगी और एड्स (रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम 2017 को पूरी तरह लागू करेगी। '95-95-95' फॉर्मूले का मतलब है देश के 95 प्रतिशत मरीजों को पता होना चाहिए कि वे एचआईवी से संक्रमित हैं, 95 प्रतिशत मरीजों को इलाज मिलना चाहिए और एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी की दवाओं के जरिये 95 प्रतिशत मरीजों का 'वायरल लोड' घटाया जाना चाहिए। फिलहाल देश के 81 प्रतिशत मरीजों को पता है कि वे एचआईवी से संक्रमित हैं, 88 प्रतिशत मरीजों का इलाज किया जा रहा है और 97 प्रतिशत मरीजों का वायरल लोड घटाया जा चुका है। 0.70 प्रतिशत वैश्विक आबादी में एड्स का प्रसार है, जबकि भारत में यह 0.20 फीसदी के स्तर पर है। एड्स के खिलाफ लम्बी लड़ाई के बाद इस बीमारी के खिलाफ देश में मजबूत चिकित्सा तंत्र विकसित किया गया है, संक्रमितों को एड्स की दवा मुफ्त में दी जा रही है और किसी मरीज के एचआईवी संक्रमित पाए जाते ही उसे दवा देने का प्रावधान किया है। आज भारतीय दवा कंपनियां अफ्रीका, दक्षिण अफ्रीका और लैटिन अमेरिका को एड्स की सबसे सस्ती और प्रभावी दवाओं की आपूर्ति कर रही हैं। शुरू में एस संक्रमण से बचाव के लिए कोई खास दवा नहीं थी। आज बहुत सारी दवाएं हैं, जिनसे पीड़ितों को मदद मिलती है। फिर भी बचाव सबसे सुरक्षित दवा है। फैशन में चल रहे शरीर पर टैटू (गोदना) बनवाते वक्त एहतियात बरतें, मल्टी पार्टनर यौन संबंध से परहेज करें, प्रोटेक्शन का प्रयोग करें, रक्त के प्रयोग में सावधानी रखें, इन उपायों से इस संक्रमण से बचा जा सकता है। आज विश्व एड्स दिवस पर इससे बचाव के प्रति संकल्पित होना जरूरी है। साथ ही एड्स के साथ जी रहे लोगों के प्रति संवेदनशील रवैया अख्तियार करते हुए उनके मानवाधिकारों और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा भी करनी चाहिए। एचआईवी को लेकर टैबू और भ्रांतियां भी समाप्त होने चाहिए। एड्स मुक्त भारत बड़ी उपलब्धि होगी।

दिवस विशेष
योगेश कुमार गोयल



# देश में नासूर बन रहा प्रदूषण का बढ़ता स्तर

प्रदूषण को लेकर उद्योगों को जागरूक करने तथा लोगों में प्रदूषण और इसके खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 2 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का मूल उद्देश्य देश में प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों की आवश्यकता की ओर बहुत ज्यादा ध्यान देने के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। वास्तव में यह दिन 1984 की उस भयानक गैस त्रासदी की घटना के कारण पीड़ित हुए लोगों के निर्दोष जीवन को याद करने के लिए चिह्नित किया गया है, जिसमें हजारों लोग भोपाल की यूसीआईएल फैक्टरी से मिथाइल गैस के हुए रिसाव के कारण मौत की नींद सो गए थे। इस दिन विशेष रूप से वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने को लेकर लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जाता है तथा देश में बढ़ते औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों के बारे में भी लोगों को बताया जाता है। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस को मनाए जाने का उद्देश्य लोगों को प्रदूषण को रोकने में मददगार विभिन्न कानूनों के बारे में लोगों को अधिकाधिक जागरूक करना है। हालांकि औद्योगिक प्रदूषण की जांच के लिए सरकार द्वारा राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एनपीसीबी) बनाया हुआ है, जो यह जांच करता है कि उद्योगों ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन किया है या नहीं लेकिन इसके बावजूद देश में औद्योगिक प्रदूषण को लेकर आज भी स्थिति कितनी विकराल है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है। कल-कारखानों एवं फैक्टरियों से निर्बाध रूप से निकलने वाले कार्बन उत्सर्जन वायु प्रदूषण के स्तर को दिनों-दिन बढ़ा रहे हैं, जिसके चलते जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियां दुनिया के सामने खड़ी हो रही हैं। हालांकि जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण के लिए दुनियाभर के देश वैश्विक उपाय कर रहे हैं लेकिन ये उपाय अभी तक नाकाफी ही साबित हो रहे हैं। घातक विकिरणों से धरती की सुरक्षा करती ओजोन परत में छेद के लिए वायु प्रदूषण को ही जिम्मेदार माना जाता है। भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य पोर्टल के अनुसार वायु प्रदूषण विश्वभर में प्रतिवर्ष करीब सत्तर लाख लोगों की मौत का कारण बन रहा है। आंकड़ों के अनुसार स्थिति इतनी खराब है कि वायु में मौजूद प्रदूषक हवा के जरिये सीधे शरीर में प्रवेश कर फेफड़ों, मस्तिष्क तथा हृदय को नुकसान पहुंचाते हैं और दस में से नौ लोगों को सांस लेने के लिए शुद्ध हवा भी नहीं मिलती। भारत में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार भयावह हो रही है। प्रदूषण अब इस कदर नासूर बनता जा रहा है कि पिछले कुछ समय से इस मामले में बार-बार देश की सर्वोच्च अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। खासकर दिल्ली एनसीआर के बढ़ते प्रदूषण स्तर पर तो सुप्रीम कोर्ट कई बार कड़ी नाराजगी जताते हुए कड़े निर्देश दे चुका है लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। हालांकि वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा करीब डेढ़ महीने से दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रैप के तहत कार्रवाई की जा रही है और अभी भी ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू हैं किन्तु इसके बावजूद वायु प्रदूषण पर लगाम कसने में सफलता नहीं मिल रही। विश्व बैंक द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया जा चुका है कि दुनियाभर में करीब चार अरब लोग खाना पकाने के लिए आज भी लकड़ी, कोयला, केरोसिन ऑयल, गोबर इत्यादि ऐसे ईंधन पर निर्भर हैं, जो बड़ी मात्रा में प्रदूषण फैलाते हैं और इनका गंभीर असर पर्यावरण के साथ-साथ खाना पकाने वालों के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। हेल्थ इफेक्ट इंस्टीच्यूट द्वारा जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक बाहर तथा घर के अंदर लंबे समय तक वायु प्रदूषण के सम्पर्क में रहने के कारण स्ट्रोक, दिल का दौरा, डायबिटीज, फेफड़ों का कैंसर तथा जन्म के समय होने वाली बीमारियों इत्यादि की चपेट में आकर अब हर साल भारत में कई लाख लोगों की मौत हो रही है। वर्ष 2010 के बाद से पांच करोड़ से अधिक लोग घर के अंदर वायु प्रदूषण से पीड़ित हुए हैं। बच्चों पर वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों को लेकर तो दुनियाभर में अनेक शोध किए जा चुके हैं और सभी का निष्कर्ष यही है कि प्रदूषण बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव डालता है, जिसके चलते प्रतिवर्ष लाखों बच्चे असमय ही काल का ग्रास बन जाते हैं और करोड़ों बच्चे मासूम उम्र में ही तरह-तरह की बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। कई अध्ययनों से पता चला है कि वायु प्रदूषण बच्चों की रोगों से लड़ने की क्षमता को प्रभावित करता है। अगर इसका समय पर वायु प्रदूषण से संबंधित कुछ स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं तो पूरी जिंदगी बनी रह सकती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा पर्यावरण मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



दो टूक
प्रभात कुमार रॉय

# बांग्लादेश में महफ़ूज़ नहीं हिन्दू

**बांग्लादेश में आजकल जो हुकूमत सत्तासीन है, उसका उदारवादी चेहरा भले ही नोबेल पीस प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस हैं, किंतु सत्ता की वास्तविक कमान जमात ए इस्लामिया और बांग्लादेश के इस्लामी फौजी हुक्मरानों के हाथों में है। जिस दिन से शेख हसीना सत्ता से बेदखल की गई हैं और बांग्लादेश की राजसत्ता इस्लामी कट्टरपंथियों के हाथों में आई गई है, उसी रोज से ही नृशंस कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर, उनके मंदिरों पर, उनके मकानों पर और उनके कारखानों पर निरंतर नृशंस आक्रमण किए जा रहे हैं। मोहम्मद यूनुस की कथित अंतरिम सरकार दुर्दांत कट्टरपंथी हमलावरों पर कोई भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में एकदम नाकामयाब सिद्ध हुई है।**

बांग्लादेश में शेख हसीना को हुकूमत से बेदखल किए हुए तकरीबन एक सौ ग्यारह दिन बीत चुके हैं। बांग्लादेश की अंतिम सरकार का नेतृत्व नोबेल पीस प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथ में सौंपा गया, जिन्हें अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार मनोनीत किया गया। 25 सितंबर को मोहम्मद यूनुस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम 'क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव' में शिरकत करने के लिए अपने स्पेशल असिस्टेंट महफूज़ आलम के साथ अमेरिका पधारे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से मोहम्मद यूनुस द्वारा महफूज आलम का बाकायदा परिचय कराया गया। महफूज़ आलम वही शख्स है, जोकि शेख हसीना की हुकूमत के विरुद्ध छात्रों द्वारा संचालित किए गए आंदोलन का सर्वोच्च लीडर रहा था। महफूज़ आलम को बांग्लादेश की अंतरिम हुकूमत में स्पेशल सेक्रेटरी का उच्च प्रशासनिक ओहदा प्रदान किया गया है। महफूज़ आलम वस्तुत वर्ष 2015-16 में ढाका यूनिवर्सिटी में कानून विभाग का छात्र रहा था। सरकारी नौकरियों में अवामी लीग से संबंधितों को आरक्षण प्रदान किए जाने के विरुद्ध प्रारंभ किए गए ढाका यूनिवर्सिटी के छात्रों के जबरदस्त अभियान का महफूज़ आलम लीडर रहा। इस बात का दावा पेश किया जा रहा है कि महफूज आलम एक आतंकवादी इस्लामी तंजीम हिजबुल तहरीर से जुड़ा शख्स है। इस सनसनीखेज दावे के विरुद्ध महबूब आलम ने बयान दिया कि वह आतंकवादी हिजबुल तहरीर से नहीं बल्कि इस्लामी छात्र शिबिर से जुड़ा हुआ छात्र नेता है। उल्लेखनीय है कि इस्लामी छात्र शिविर वस्तुतः बांग्लादेश में कट्टरपंथी जमात ए इस्लामिया का छात्र संगठन रहा है। बांग्लादेश में आतंकवादी तंजीम हिजबुल तहरीर भी जमाते इस्लामी का एक आतंकवादी मिलिटेंट विंग रहा है। सर्वविदित है कि शेख हसीना हुकूमत का तख्ता पलटने के पीछे कट्टरपंथी जमात ए इस्लामिया का स्पष्ट तौर पर सीधा हाथ रहा। बांग्लादेश में आजकल जो हुकूमत सत्तासीन है, उसका उदारवादी चेहरा भले ही नोबेल पीस प्राइज विजेता मोहम्मद यूनुस हैं, किंतु सत्ता की वास्तविक कमान जमात ए इस्लामिया और बांग्लादेश के इस्लामी फौजी हुक्मरानों के हाथों में है। जिस दिन से शेख हसीना सत्ता से बेदखल की गई हैं और बांग्लादेश की राजसत्ता इस्लामी कट्टरपंथियों के हाथों में आई गई है, उसी रोज से ही नृशंस कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर, उनके मंदिरों पर, उनके मठों पर, उनकी दुकानों पर, उनके मकानों पर और उनके कारखानों पर निरंतर नृशंस आक्रमण किए जा रहे हैं। मोहम्मद यूनुस की कथित अंतरिम सरकार दुर्दांत कट्टरपंथी हमलावरों पर कोई भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में एकदम नाकामयाब सिद्ध हुई है। बांग्लादेश में इस्कॉन से संबंधित संत चिन्मय कृष्ण दास को हाल ही में देशद्रोह के आरोप में जेल भेज दिया गया। 8 साल के चिन्मय कृष्ण दास के विरुद्ध देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया। चिन्मय कृष्णदास पर इल्जाम आयद किया गया कि 25 अक्टूबर को चटगांव के न्यू मार्केट इलाके में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का उनके द्वारा अपमान किया गया। हिंदू-बौद्ध-क्रिश्चियन एकता परिषद के नेता राणा दासगुप्ता का



दावा है कि चिन्मय कृष्ण दास के ऊपर एकदम झूठा केस आयद किया गया है। चिन्मय कृष्णदास की जमानत को अदालत द्वारा तब खारिज कर दिया गया, जब उनकी समर्थक उत्तेजित भीड़ के कुछ लोगों द्वारा असिस्टेंट पब्लिक प्रॉसिक्यूटर सैफुल इस्लाम अलिफ़ का कत्ल कर दिया गया। चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर भारत के विदेश मंत्रालय ने एक सख्त बयान जारी कर कहा कि चिन्मय कृष्णदास बांग्लादेश में सनातन जागरण जोत के प्रवक्ता हैं, उनकी गिरफ्तारी और जमानत नामंजूर करने पर हम गहरी चिंता जाहिर करते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के बयान में बांग्लादेश की हुकूमत से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की हिफाजत को सुनिश्चित करने की अपील भी की गई है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भी इस्कॉन से जुड़े चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी पर एक बयान जारी किया। इस बयान में कहा गया कि बेहद निराशाजनक और गहरी पीड़ा की बात है कि चिन्मय कृष्णदास की गिरफ्तारी को भारत सरकार ने गलत तरीके से पेश किया है, क्योंकि चिन्मय कृष्णदास को विशेष आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया है। इस तरह भारत के बेबुनियाद कूटनीतिक बयानों से दोनों पड़ोसी देशों के मध्य दोस्ती और आपसी समझदारी की भावना का हनन हो रहा है। उपरोक्त तथ्यों से एकदम स्पष्ट हो जाता है कि बांग्लादेश और भारत के मध्य कूटनीतिक कटुता किस कदर और किस हद तक बढ़ चुकी है। यहां तक कूटनीतिक रिश्ते ध्वस्त हो जाने के कगार तक आ गए हैं। दूसरी तरफ पाकिस्तान और बांग्लादेश के मध्य यूनुस सरकार के सत्तासीन होने के बाद नजदीकियां निरंतर बढ़ती जा रही हैं। यह सब बांग्लादेश हुकूमत पर जमात ए इस्लामी तंजीम का निर्णायक प्रभाव स्थापित हो जाने का सीधा नतीजा है। सन् 1971 में बांग्लादेश के निर्माण के तत्पश्चात विगत हफ्ते पहली दफा पाकिस्तान से बांग्लादेश का समुद्री संपर्क प्रारंभ हुआ है। पाकिस्तान का एक मालवाहक जहाज कराची के तट से चलकर बांग्लादेश के दक्षिण पूर्व तट पर स्थित चटगांव बंदरगाह जा पहुंचा। इससे पहले बांग्लादेश और पाकिस्तान के मध्य समुद्री व्यापार सिंगापुर अथवा कोलंबो के माध्यम से होता था। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी बांग्लादेश के नागरिकों के लिए वीजा हासिल करने की प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया है। उल्लेखनीय है कि जनरल जिया उल हक़ के शासनकाल के दौर से ही कट्टरपंथी जमात ए इस्लामिया का निर्णायक प्रभाव पाकिस्तान की हुकूमत पर और उसकी फौज पर स्थापित हो चुका था। इसी कारण से पाकिस्तान वस्तुतः नृशंस वैश्विक जिहादियों को प्रश्रय और परवरिश प्रदान करने वाला सबसे अहम मुल्क निर्मित हुआ। फौजी डिक्टेटर जिया उर रहमान ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का निर्माण किया, जिनकी हत्या के बाद उनकी पार्टी का नेतृत्व बेगम खालिदा जिया ने संभाला और सत्तासीन रही। बेगम खालिदा जिया को परास्त करके ही शेख हसीना बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी और लंबे दौर तक उन्होंने बांग्लादेश की राजसत्ता को शक्तिशाली तौर पर संभाला। अब बांग्लादेश की राजसत्ता वस्तुतः इस्लामिक कट्टरपंथियों के हाथों में आ गई है जोकि जालिमाना तौर पर अल्पसंख्यकों का जिंदगानियां ठीक उसी तरह दुश्वार कर रहे हैं, जिस तरह कभी पाकिस्तान में इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा यही सब किया गया था। बांग्लादेश में आजकल 17 करोड़ आबादी है जिसमें तकरीबन आठ फीसदी हिंदू हैं। यदि बांग्लादेश की अल्पसंख्यक आबादी पर इसी तरह के जालिमाना जुल्म ओ सितम जारी रहे और हुकूमत ए बांग्लादेश इस तरह से मूकदर्शक बनी रही, तो फिर बांग्लादेश में भी हिंदुओं का क़ायम बना रहना, उसी तरह नामुमकिन हो जाएगा जिस तरह कभी पाकिस्तान में हुआ था।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## असंयम लक्ष्य विमुख कर देता हैं



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीराम हर पल आत्मस्थिति में रहे। वे तनिक भी असंयमित नहीं हुए। असंयम लक्ष्य विमुख कर देता है। जब हम किसी से प्रतिस्पर्धा का भाव रखते हैं, तब उस व्यक्ति के गुण और उसके कार्यों को हम किसी और ढंग से देखते हैं। उसी व्यक्ति से जब हमारा राग होता है, तो हम उसके हर कार्य में श्रेष्ठता ही देखते हैं। द्वेष होने पर हम न्यूनता और दोषों को ही खोजते हैं। आसक्ति होने पर उसके प्रति हम अपना सर्वस्व न्योछावर करने में भी तनिक संकोच नहीं करते हैं। हमारी यह इंद्रधनुषीय दृष्टि और वृत्ति जब किसी पद और अधिकार प्राप्त व्यक्ति के साथ जुड़ जाती हैं, तब वह व्यक्ति विकार को और भी विकृत कर उसे व्यापक बना देता है, तब उस मनःस्थिति में निर्णय देने, सामाजिक व्यवहार करने में वह अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता हुआ स्वयं और समाज को गर्त में डाल देता है। श्रीरामचरितमानस में गुरु वशिष्ठ ने श्रीभरत के अंदर तब इस त्रिपुटी की प्रधानता स्वीकारी, जब श्रीभरत भगवान की पादुकाओं को अपने सिर पर लेकर आए और गुरुदेव वशिष्ठ से पूछा कि यदि आपका मंगलाशासन हो तो मैं पादुका रूप प्रभु को नंदीग्राम जाकर सिंहासनासीन कर वहीं से राज्य का कार्य संभाल लूंगा? तब गुरुदेव ने मानो भरत से यही कहा कि समुझव (समझ) के रूप में तुम्हारे अंदर विधायिका के गुण हैं, कहब (कथन) के रूप में न्यायपालिका के गुण हैं और करब (करनी) के रूप में कार्यपालिका के गुण हैं।

## जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे?



संकलित
प्रेरणा

एक मछलीमार कांटा डाले तालाब के किनारे बैठा था। काफी समय बाद भी कोई मछली कांटे में नहीं फंसी, ना ही कोई हलचल हुई तो वह सोचने लगा... कहीं ऐसा तो नहीं कि मैने कांटा गलत जगह डाला है, यहां कोई मछली ही न हो! उसने तालाब में झांका तो देखा कि उसके कांटे के आसपास तो बहुत-सी मछलियां थीं। उसे बहुत आश्चर्य हुआ कि इतनी मछलियां होने के बाद भी कोई मछली फंसी क्यों नहीं! एक राहगीर ने जब यह नजारा देखा तो उससे कहाः लगता है भैया, यहां पर मछली मारने बहुत दिनों बाद आए हो! अब इस तालाब की मछलियां कांटे में नहीं फंसती। मछलीमार ने हैरत से पूछाः क्यों, ऐसा क्या है यहां? राहगीर बोलाः पिछले दिनों तालाब के किनारे एक बहुत बड़े संत ठहरे थे। उन्होने यहां मौन की महत्ता पर प्रवचन दिया था। उनकी वाणी में इतना तेज था कि जब वे प्रवचन देते तो सारी मछलियां भी बड़े ध्यान से सुनतीं। यह उनके प्रवचनों का ही असर है कि उसके बाद जब भी कोई इन्हें फंसाने के लिए कांटा डालकर बैठता है तो ये मौन धारण कर लेती हैं। जब मछली मुंह खोलेगी ही नहीं तो कांटे में फंसेगी कैसे? इसलिए बेहतर यहीं होगा कि आप कहीं और जाकर कांटा डालो। क्योंकि यह एक ही अनेक भयंकर परिस्थितियां पैदा करने के लिए पर्याप्त है। संत ने कितनी सही बात कही कि जब मुंह खोलोगे ही नहीं तो फंसोगे कैसे? अगर इन्द्रिय पर संयम करना चाहते हैं तो.. इस जिह्वा पर नियंत्रण कर लेवें बाकी सब इंद्रियां स्वयं नियंत्रित रहेंगी।

अंतर्मन




आज की पाती

### लड़कियों का एनसीसी में प्रवेश समय की जरूरत

बीते रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में युवाओं को एनसीसी में प्रवेश करने का आह्वान किया। इस दिन एनसीसी दिवस मनाया गया। नवंबर के हर चौथे सोमवार को एनसीसी दिवस मनाया जाता है। जानकर बताते हैं कि वर्ष 1946 में एनसीसी की स्थापना हुई थी और लगभग दो वर्ष बाद वर्ष 1948 में राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम बनाया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग में देशभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व और निस्वार्थ, एकता की भावना को जागृत करना और बढ़ाना भी है। यही नहीं, इसका मुख्य लक्ष्य युवाओं को सेना में कैरियर बनाने के लिए तैयार करना भी है। बहुत से युवा एनसीसी ज्वाइन करके अपने कैरियर के सपनों को पूरा भी कर रहे हैं।

*- रचना त्यागी, दुर्ग*

ट्रेंड

### स्वयंसेवकों की भी जिम्मेदारी

समाज में अब जागरुकता आई है, एड्स के खिलाफ़ समाज ने लंबी लड़ाई लड़ी है। एड्स से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख ज़िम्मेदारी है ही, इसके साथ ही सामाजिक जनों और स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की भी बड़ी ज़िम्मेदारी तय होती है।

**-जेपी नड्डा, अध्यक्ष, भाजपा**



### भारत की जीडीपी ग्रोथ

भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट दो साल में सबसे नीचे 5.4% पर आ गई है। अर्थव्यवस्था तब तक तरक्की नहीं कर सकती जब तक इसका फायदा सिर्फ़ गिने-चुने अरबपतियों को मिल रहा हो और किसान, मज़दूर, आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हों।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**



### दिल्ली से क्राइम रोकिए

अमित शाह जी, मुझे रोकने से क्या होगा, दिल्ली से क्राइम रोकिए। क्या मुझे रोकने से दिल्ली में अपराध कम हो जाएगा? क्या दिल्ली में खुलेआम शूट-आउट होने बंद हो जाएंगे? क्या दिल्ली की महिलाएं, व्यापारी सुरक्षित हो जाएंगे?

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम नई दिल्ली**



### पत्रकारों की जिम्मेदारी

मनुष्यता और धरती को बचाने के लिए व्यावसायिक पत्रकारों की नैतिक जिम्मेदारी पहले से बहुत ज्यादा है। याद रहे कि कई तरह के दबावों, प्रलोभनों और खतरों के बीच निर्भीक, निष्पक्ष, स्वतन्त्र और सच्ची पत्रकारिता कर पाना आपकी धर्म-परीक्षा है।

**-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता**



करंट अफेयर

## सोरेन ने आलू से लदे वाहनों को रोकने पर लिया संज्ञान

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की पश्चिम बंगाल से लगी सीमा पर आलू से लदे वाहनों को 'रोके जाने' का रविवार को संज्ञान लिया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वाहनों को रोके जाने से राज्य में आलू की आपूर्ति प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को तत्काल प्रभाव से मामले से निपटने का निर्देश दिया। पश्चिम बंगाल के आलू व्यापारियों के एक संगठन के अनुसार, पश्चिम बंगाल सरकार ने आलू का भंडार बनाए रखने और राज्य में आलू की कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए बृहस्पतिवार से आलू की अंतरराज्यीय आपूर्ति पर कथित रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर तिवारी ने मामले के निपटारे के लिए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर बात की। बयान में कहा गया, 'पंत ने आश्वासन दिया है कि आलू आपूर्ति के मुद्दे को सुलझाने के लिए जल्द ही एक समिति गठित की जाएगी।' एक अधिकारी के अनुसार, पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल द्वारा आलू की आपूर्ति सीमित कर दिए जाने के कारण झारखंड के खुदरा बाजार में पिछले दो दिनों में आलू की कीमत में पांच रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है।



ऑफ बीट

## आंखों में संक्रमण हो जाए तो क्या करें

सबसे आम नेत्र संक्रमण, जैसे कि 'कंजक्टिवाइटिस' आमतौर पर दृष्टि को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं और बिना उपचार के ठीक हो जाते हैं।



'कंजक्टिवाइटिस' एक सामान्य स्थिति है जिसमें आपकी आंख का सफेद भाग गुलाबी या लाल हो जाता है। कंजक्टिवाइटिस पीड़ित लोगों की आंखों में जलन होती है और पानी निकलता है। ठंडी, साफ पट्टी का इस्तेमाल करने और पलकों पर जमी पपड़ी को धीरे से पोंछने से आपकी आंखों को ठीक होने में मदद मिलती है। 'बैक्टीरियल कंजक्टिवाइटिस' दूसरा सबसे आम रोग है। इसमें गाढ़ा पीला या हरा स्राव होने की आशंका अधिक होती है जो पलकों पर जम सकता है। यह आमतौर पर बिना इलाज के एक या दो सप्ताह में ठीक हो जाता है, लेकिन 'एंटीबायोटिक आई ड्रॉप्स' से इससे जल्द ही ठीक होने में मदद मिलती है। यदि आपकी आंखें वर्ष के कुछ समय में गुलाबी और खुजली वाली रहती हैं, तो संभवत: यह 'एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस' है। लगभग 40 प्रतिशत लोग किसी न किसी समय 'एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस' से पीड़ित होते हैं। 'कंजक्टिवाइटिस' के इन सभी रूपों के लिए धूप का चश्मा और कृत्रिम आंसू मददगार साबित हो सकते हैं।

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**24** घरेलू उड़ानें रद्द

**26** अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में देरी



# फेंगल ने मचाया कोहराम

## पुडुचेरी में बाढ़, चेन्नई में तीन की मौत, छत्तीसगढ़ में भी फुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/चेन्नई/रायपुर

चक्रवाती तूफान फेंगल ने पुडुचेरी और तमिलनाडु में जमकर कोहराम मचाया। पुडुचेरी में बाढ़ के हालात हैं। यहां 30 सालों में सबसे ज्यादा बारिश यहां हुई है। चक्रवाती तूफान के प्रभाव से कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए। चेन्नई, कांचीपुरम, तिरुवल्लूर में भारी बारिश से जनजीवन बेहाल हो गया। तूफान का असर केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ में भी दिखा। रायपुर समेत कई इलाकों में बारिश की फुहार पड़ी।

चक्रवात फेंगल के चलते पुडुचेरी में बहुत भारी बारिश हुई है। केंद्र शासित प्रदेश में 1 दिसंबर को सुबह 8:30 बजे ▶▶|शेष पेज 2 पर

### सैकड़ों लोगों का घरों से किया रेस्क्यू

पुडुचेरी के कृष्णानगर क्षेत्र में लगभग 500 घरों में फंसे नागरिकों को रेस्क्यू करने के लिए जवानों ने ऑपरेशन चलाया। यहां कुछ इलाकों में पानी का स्तर लगभग 5 फीट तक पहुंच गया था। जलभराव वाले क्षेत्रों से 100 से अधिक लोगों को बचाया गया।



### इधर, कश्मीर में बर्फबारी से बढ़ी ठंड

कश्मीर में अधिकतर जगहों पर रात का तापमान शून्य से ऊपर होने के बावजूद घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में पर्यटन शहरों सहित कई स्थानों पर ताजा बर्फबारी हुई। इससे कश्मीर में ठंड बढ़ गई है। कश्मीर में ऊंचाई वाले कई स्थानों पर ताजा बर्फबारी हुई। अनंतनाग जिले के पहलगाम में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। गुलमर्ग और सोनमर्ग सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर भी बर्फबारी हुई। गुरेज, जोजिला अक्ष और कुछ अन्य ऊपरी इलाकों में भी बर्फबारी की खबर है।

## छत्तीसगढ़ में पड़ी फुहारें दिन में ठंड का अहसास



रायपुर। चक्रवात फेंगल के असर से प्रदेश के मौसम में भी बदलाव हो गया। बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से दिन का अधिकतम तापमान कम हो गया। वहीं न्यूनतम पारा सामान्य से अधिक रहा। छाए बादलों से रायपुर समेत कुछ इलाकों में फुहारें भी पड़ीं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, नमी का प्रवेश निचले स्तर पर हो रहा है। इसकी वजह से मौसम में बदलाव हुआ है। आने वाले ▶▶|शेष पेज 2 पर

### दूसरे सप्ताह में ठंड

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि राज्य में दूसरे सप्ताह से मौसम में बदलाव हो जाएगा। फेंगल आगे बढ़कर अरब सागर की तरफ चला जाएगा। इसके बाद प्रदेश से बादल छंटने का दौर शुरू होगा और संभवतः 4 दिसंबर से तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होगा। 6 दिसंबर के बाद यह ठंड अपना असर दिखाएगी।

सुबह 5.30 बजे चली गोलियां, मारे गए नक्सलियों में बीजापुर के टीएससीएम सेकेट्री भदरू शामिल

# तेलंगाना में ग्रे हाउंड और विशेष दस्ते ने मार गिराए सात नक्सली, इनमें छत्तीसगढ़ के छह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पड़ोसी राज्य तेलंगाना के मुलगु जिला के इथुरुनगरम से लगे चालपाका के जंगल में तड़के हुए मुठभेड़ में ग्रेहाउंड्स के जवानों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया। नक्सलियों के शव के अलावा सुरक्षा बलों ने अत्याधुनिक हथियार बरामद किया है।

जानकारी के मुताबिक चालपाका के जंगल में रविवार सुबह 5.30 बजे ग्रेहाउंड्स के जवानों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। घंटों चली मुठभेड़ के बाद जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली भागने में सफल रहे। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग में जवानों ने 7 नक्सलियों के शव व हथियार बरामद किए हैं। मारे गए नक्सलियों में तेलगांना स्टेट कमेटी मेंबर कुरसम मंगू उर्फ भदरू उर्फ पपन्ना (35), निवासी बीजापुर छग के अलावा डीवीसीएम इगोलपु मलैह उर्फ मधु (43), निवासी रामगिरी पेदापल्ली तेलगांना, एसीएम मुसाकी देवल उर्फ करूनाकर (22), निवासी उसूर बीजापुर छग, एसीएम मुसाकी देवल उर्फ करूनाकर (22), निवासी उसूर जिला बीजापुर छग, एसीएम मुसाकी जमुना (23), निवासी पोरोवाड़ा भैरमगढ छग, पार्टी मेंबर जयसिंग (25), ▶▶|शेष पेज 2 पर

### मौके से मारे गए नक्सलियों के शव के अलावा एके 47 व अन्य हथियार बरामद



#### छत्तीसगढ़ के 6 नक्सली

सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में सभी 7 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें 1 तेलगांना व शेष छग के बीजापुर जिले के बताए जा रहे हैं। मारे गए नक्सली भदरू व तेलगांना के इगोलपु मलैह उर्फ मधु के कब्जे से एके 47 रायफल, मुसाकी देवल के शव के करीब से जी थ्री रायफल, मुसाकी जमुना व जगदीश के शव के पास से थ्री नॉट थ्री रायफल, किशोर के शव के पास से इंसास रायफल व कमलेश के शव के करीब से एसबीबीएल गन बरामद किया गया है।

### मुखबिरी के आरोप में नक्सलियों ने युवक को मार डाला

बीजापुर। नक्सलियों ने बीती रात पुलिस मुखबिरी के आरोप में एक युवक की गला घोंटकर निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी है। पुलिस के मुताबिक जिले के भैरमगढ़ ब्लाक के डालेर निवासी कुममेश कुंजाम पिता स्व. लछु कुंजाम (25) की हत्या कर दी है। हत्या के बाद नक्सलियों ने शव को चिहका टिन्डोडी जोडान मार्ग पर डाल दिया। घटनास्थल से भैरमगढ़ एरिया कमेटी द्वारा जारी पर्चा छोड़ा गया है। जिसमें पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हत्या करने की बात लिखी हुई है। भैरमगढ़ पुलिस शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### ज्वाइंट फोर्स थी आपरेशन में शामिल



तेलगांना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों की मौजूदगी की खबर पर आपरेशन लांच किया गया था। इसमें तेलंगाना ग्रेहाउंड्स और माओवादी विरोधी दस्ते की संयुक्त टीम शामिल थी जिन्होंने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 7 नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ के बाद ग्रेहाउंड्स व माओवादी विरोधी दस्ते द्वारा इलाके की घेराबंदी कर सर्चिंग आपरेशन चलाया जा रहा है।

काला दिन साबित हुई दिसंबर की पहली तारीख

# कार-ट्रक भिड़े, मैनपाट जा रहे 4 दोस्तों की मौत

रायपुर से घूमने जा रहे थे पांच दोस्त



- एनएच 130 पर ग्राम गुमगा में हुई घटना, टक्कर के बाद ट्रक में फंस गई कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डांडगांव

दिसंबर महीने की पहली तारीख काला दिन साबित हुई। सोमवार की अल सुबह एनएच 130 पर हुए भीषण सड़क हादसे में चार दोस्तों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम गुमगा में युवकों की कार व ट्रक में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के सामने का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही चार दोस्तों ने दम तोड़ दिया। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार युवक रायपुर के रहने वाले थे और मैनपाट घूमने जा रहे थे। बताया ▶▶|शेष पेज 2 पर

### जिम संचालन करता था युवक

बताया जा रहा है कि मृतक संजू साहू रायपुर में एसएस फिटनेस के नाम से जिम का संचालन करता था। वहीं, राहुल साहू कंप्यूटर पार्ट्स दुकान में काम करता था, दुष्यंत देवांगन ऑटो मोबाइल दुकान में काम करता था जबकि स्वप्निल हमने प्राइवेट कंपनी में काम करता था।

### चल रही है जांच

सड़क हादसे में चार युवकों की मौत हुई है जबकि एक युवक घायल हुआ है। मामले में मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द किया गया है और घटना की जांच चल रही है। घटना के बाद से ट्रक चालक फरार है और उसकी तलाश भी जारी है।

\- अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

## खबर संक्षेप

### बस्तर ओलंपिक में शामिल होंगे शाह

रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 13 दिसंबर को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस दौरान वे बस्तर में एक रात भी गुजारेंगे।



- 13 और 14 दिसंबर को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे

प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने दी जानकारी है कि 13 तारीख को श्री शाह बस्तर ओलंपिक में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद वहां के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर बस्तर में रात्रि विश्राम करेंगे। 14 दिसंबर को पुलिस अवार्ड कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे दिल्ली रवाना होंगे।

# महाराष्ट्र में सीएम पर आज फैसला गृह मंत्रालय पर चल रही रस्साकशी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र में नए मुख्यमंत्री को लेकर सोमवार को फैसला हो सकता है। नई महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर की शाम को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें भाग लेंगे। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई घोषणा नहीं हुई है कि मुख्यमंत्री कौन होगा। इधर, कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य के नए मुख्यमंत्री के बारे में भाजपा फैसला करेगी जिसका वह पूरा समर्थन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के गठन को लेकर महायुति के सहयोगियों के बीच कोई मतभेद नहीं है।

### गांव से लौटे सीएम शिंदे, कहा- महायुति में कोई मतभेद नहीं



### फडणवीस अब भी आगे

अभी तक इस बात की घोषणा नहीं हुई है कि मुख्यमंत्री कौन होगा, लेकिन भाजपा सूत्रों ने बताया कि दो बार मुख्यमंत्री रह चुके देवेंद्र फडणवीस इस पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली निवर्तमान सरकार में फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि विधायक दल की बैठक तीन या चार दिसंबर को हो सकती है।

डीजीपी और आईजी सम्मेलन

# पीएम मोदी ने डिजिटल फ्राड पर जताई चिंता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और एआई प्रौद्योगिकी के कारण उत्पन्न संभावित खतरों, विशेष रूप से सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को बाधित करने के लिए 'डीपफेक' की क्षमता पर चिंता व्यक्त की।



प्रधानमंत्री ने पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 59वें अखिल भारतीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने पुलिस ▶▶|शेष पेज 2 पर

### देशभर के 250 अफसर जुटे

इस तीन दिवसीय सम्मेलन में पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक स्तर के लगभग 250 अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित हुए। 750 से अधिक अधिकारियों ने ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित अन्य लोग शामिल हुए।

# जेल में बंद तीन बर्खास्त आरक्षकों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का केस


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

गांजा तस्करी करने के मामले में जेल बंद जीआरपी के बर्खास्त तीन आरक्षकों पर पुलिस प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। एसीबी ने तीनों आरक्षकों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। छुट्टी के दिन रविवार को एसीबी के बिलासपुर - रायपुर की 6 सदस्यीय टीम ने आरक्षकों के मोपका, तिफरा स्थित मकान व उनके कोरबा, गरियाबंद व कोण्डागांव स्थित पैतृक मकानों में दबिश दी। साढ़े 8 घंटे की जांच में आरक्षकों के ▶▶|शेष पेज 2 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### एसीबी ने आरक्षकों के मकानों व पैतृक निवासों में मारा छापा






### पैतृक निवास में छापा

टीम ने पैतृक निवास पर छापा मारा। आरक्षक संतोष राठौर के पैतृक निवासी कोरबा ▶▶|शेष पेज 2 पर

### दो आरक्षकों के घर मिले कीमती आभूषण

एसीबी की दो टीम ने आरक्षक लक्ष्मण गाइन व मन्नू प्रजापति के तिफरा स्थित मकानों में दबिश दी। बताया जाता है आरक्षकों के परिजन की उपस्थिति में घरों के चप्पे चप्पे की तलाशी ली गई। दोनों आरक्षकों ने ▶▶|शेष पेज 2 पर



## इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता का बड़ा दावा

# बांग्लादेश में दो और हिंदू संत किए गिरफ्तार, दास के सचिव भी गायब

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

चिन्मय कृष्ण दास के बाद बांग्लादेश में दो और हिंदू पुजारियों को गिरफ्तार किया गया है। यह दावा इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने शनिवार को किया। राधारमण ने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि बांग्लादेश में पुलिस ने दो और इस्कॉन संतों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार रात को एक्स पर एक पोस्ट में राधारमण ने लिखा कि इस बीच बुरी खबर आई है। चिन्मय प्रभु के लिए प्रसाद लेकर गए दो भक्तों को मंदिर वापस जाते समय गिरफ्तार कर लिया गया और चिन्मय प्रभु के सचिव भी गायब हैं। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। इससे पहले शुक्रवार को राधारमण ने पोस्ट कहा था कि एक और ब्रह्मचारी श्याम दास प्रभु को चटगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया। राधारमण ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया कि क्या वह आतंकवादी जैसा दिखता है? निर्दोष इस्कॉन ब्रह्मचारियों की गिरफ्तारी बेहद चौंकाने और परेशान करने वाली है। बता दें, पिछले सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चिन्मय दास को गिरफ्तार किया गया था।

> इस्कॉन कोलकाता के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा है कि चिन्मय प्रभु के लिए प्रसाद लेकर गए दो भक्तों को मंदिर वापस जाते समय गिरफ्तार कर लिया गया और चिन्मय प्रभु के सचिव भी लापता हैं

**चटगांव पुलिस ने की कार्रवाई | अब तक तीन हिंदू संत गिरफ्त में**

### जिस भाषा में समझे समझाएं: अभिषेक

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बेनर्जी ने कहा है कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाना केंद्र की जिम्मेदारी है। डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक ने कहा कि बांग्लादेश के मुद्दे में पश्चिम बंगाल की कोई भूमिका नहीं है। मैंने यह स्पष्ट कर दिया है कि आपको देश के संविधान का पालन करना होगा। केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस मुद्दे को बांग्लादेश के साथ सबसे कड़े तरीके से या उनकी समझ में आने वाली भाषा में उठाए।

> निर्दोष इस्कॉन ब्रह्मचारियों की गिरफ्तारी बेहद चौंकाने और परेशान करने वाली है

### बांग्लादेश में सिर्फ 8 फीसदी हिंदू

साल 1971 में बांग्लादेश एक आजाद मुल्क बना। उस वक्त वहां हिंदुओं की आबादी करीब 22 फीसदी थी। मगर पिछले पांच से अधिक दशकों में हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार की वजह से आबादी तेजी से घटी। वर्तमान में बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी महज 8 फीसदी है। पांच अगस्त को छात्रों के हिंसक आंदोलन की वजह से शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़ना पड़ा। इसके बाद से ही वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को अंजाम दिया जा रहा है।

### अवैध ढंग से घुसते 47 लोग गिरफ्तार

वहीं, दूसरी तरफ बांग्लादेश से अवैध तरीके भारत में घुसते हुए पिछले 24 घंटे में 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से ज्यादातर हिंदू और मुस्लिम मजदूर बताए जा रहे हैं। इन लोगों ने दलालों की मदद से सीमा पार कर अवैध रूप से भारत में एंट्री करने की कोशिश की थी। गिरफ्तार किए गए लोगों में 12 महिलाएं, 19 पुरुष और 16 बच्चे हैं।

## लॉरेंस गिरोह के तीन बदमाश हथियारों समेत इंदौर से गिरफ्तार



इंदौर। इंदौर में पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को उसके दो साथियों और अवैध हथियारों के साथ रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि मुखबिर की सूचना पर शहर के लसूड़िया थाना क्षेत्र के बाईपास रोड पर एक कार से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान भूपेंद्र सिंह रावत, आदेश चौधरी और दीपक सिंह रावत के रूप में हुई है। उ न्हों ने बताया कि तीनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं। अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शामिल रावत, लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह का सदस्य है। विश्वकर्मा ने बताया कि रावत और उसके दो साथियों की तलाशी लेने पर तीन अवैध पिस्तौल और छह कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी शराब से भरे एक ट्रक को अगवा करने के इरादे से इंदौर के बाईपास रोड पर कार से घूम रहे थे।

## हाई कोर्ट ने हमला करने वालों को किया दोषमुक्त, 49 को राहत



**ढाका।** बांग्लादेश हाई कोर्ट ने सत्ता से बेदखल की गईं शेख हसीना की रैली पर ग्रेनेड हमले के एक मामले में निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया और सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। इसमें पूर्व पीएम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान और पूर्व राज्य मंत्री लुत्फोज्जमान बाबर भी शामिल हैं। यह फैसला 2004 में शेख हसीना की रैली पर हुए अटैक से जुड़े मामले में सुनाया गया है। हाई कोर्ट के जज जस्टिस एकेएम असदुज्जमान और सैयद एनायेत हुसैन की बेंच ने फैसला सुनाया और सभी 49 आरोपियों को बरी कर दिया। बता दें, 21 अगस्त 2004 को ढाका के बंगबंधु एवेन्यू में आयोजित इस रैली के दौरान कई ग्रेनेड फेंके गए थे, जिसकी वजह से 24 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 300 लोग घायल हुए थे। इस हमले में तत्कालीन विपक्ष नेता शेख हसीना बाल-बाल बच गई थीं।

### भारत में घोषित आतंकी अर्श डल्ला को मिली जमानत

## कनाडा हाईकोर्ट ने 30 हजार डॉलर डिपॉजिट पर छोड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ भारत सरकार अर्श के प्रत्यर्पण की कर रही कोशिश

खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला को कनाडा कोर्ट ने जमानत दे दी है। हॉल्टन में हुई शूटआउट मामले में आतंकी अर्श डल्ला को गिरफ्तार किया गया था। अर्श डल्ला की जमानत के लिए 30,000 कनाडाई डॉलर (18 लाख 11 हजार रुपए) की जमानत राशि जमा कराई गई है। मामले में अगली सुनवाई 24 फरवरी 2025 को होगी। बता दें कि अर्श डल्ला के खिलाफ भारत में 70 से ज्यादा एफआरआई दर्ज हैं। भारत ने आतंकी घोषित कर चुका है। अर्श डल्ला को 28 अक्टूबर को कनाडा में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद भारत सरकार द्वारा भी डल्ला के प्रत्यर्पण को लेकर बातचीत की कोशिश चल रही थी। मगर भारत कुछ करता, इससे पहले ही डल्ला को कनाडा में जमानत मिल गई। 2022 में गैंगस्टर और खालिस्तान टाइगर फोर्स के ऑपरेटिव अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्शदीप डल्ला को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकवादी घोषित किया था।

### ब्रिक्स देशों को ट्रंप की बड़ी चेतावनी

## नई करेंसी बनाई तो लगा देंगे सौ फीसदी टैरिफ

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन




अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ने शपथ लेने से पहले ही अपनी नई चेतावनी से ब्रिक्स देशों की चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने ब्रिक्स देशों को खुली धमकी देते हुए कहा कि अगर अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने या उसे बदलने का प्रयास किया गया तो वह इन देशों पर 100% टैरिफ लगा देंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि यह विचार कि ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि हम खड़े होकर देखते हैं, खत्म हो चुका है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि हमें इन देशों से यह प्रतिबद्धता चाहिए कि वे न तो नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही शक्तिशाली अमेरिकी डॉलर की जगह किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे, अन्यथा उन्हें 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा और उन्हें अद्भुत अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अपनी बिक्री को अलविदा कहना पड़ेगा।






# वरुण तेज की 'मटका' अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार...

**मुंबई।** वरुण तेज और नोरा फतेही की पैन इंडिया फिल्म 'मटका' को 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'मटका' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर महज 2.31 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'मटका' अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार है, जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।



**इन भाषाओं में उपलब्ध होगी फिल्म :** 'मटका' का प्रीमियर 5 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने इसकी जानकारी देते हुए लिखा, 'जोखिम, इनाम और जुआ- मटका वासु रिंगमास्टर है जो इन सब पर राज करता है।' इस फिल्म को आप हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में देख सकते हैं। करुणा कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'मटका' में मीनाक्षी चौधरी, किशोर, नवीन चंद्र और अजय घोष जैसे सितारों ने भी अभिनय किया है।

# जाह्नवी से तृप्ति तक, 2025 में बड़े पर्दे रोमांस का तड़का लगाएंगी ये अभिनेत्रियां

*मुंबई। साल 2025 सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास होने वाला है। रोमांस से लेकर एक्शन, ड्रामा और सस्पेंस से भरपूर तमाम फिल्में पर्दे पर आ रही हैं। रोमांस के शौकीनों के लिए भी कंटेंट की कमी नहीं होगी। एक ओर जहां जाह्नवी कपूर फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' लेकर आ रही हैं, वहीं तृप्ति डिमरी 'धड़क 2' से दर्शकों का दिल धड़काने के लिए तैयार हैं। आइए जानते हैं साल 2025 में कौन-सी रोमांटिक फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

## 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और 'चांद मेरा दिल'

शशांक खैतान के निर्देशन में बनी रही फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए वरुण धवन और जाह्नवी कपूर ने एक बार फिर हाथ मिलाया है। 'बवाल' के बाद यह दोनों की साथ में दूसरी फिल्म होगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। उधर अभिनेत्री अनन्या पांडे अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ फिल्म 'चांद मेरा दिल' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भी अगले साल आएगी।



## 'है जवानी तो इश्क होना है' और 'धड़क 2'

'है जवानी तो इश्क होना है' में भी वरुण धवन अपनी अदाकारी का जादू बिखेरते हुए दिखने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में पूजा हेगड़े भी नजर आने वाली हैं। फिल्म को 2 अक्टूबर, 2025 में रिलीज करने की तैयारी है। दूसरी ओर अभिनेत्री तृप्ति डिमरी निर्माता करण जौहर की फिल्म 'धड़क 2' में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ रोमांस का तड़का लगाने वाली है। 'धड़क 2' 21 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## 'नखरेवाली' और 'दे दे प्यार दे 2'

निर्देशक आनंद राय फिल्म 'नखरेवाली' लेकर आ रहे हैं। इसके जरिए अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी रोमांस और सस्पेंस से भरपूर होगी। यह फिल्म अगले साल वैलेंटाइन डे के खास मौके पर यानी 14 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दूसरी ओर अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' लेकर आ रहे हैं। यह 1 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग'

'क्वीन' और 'सुपर 30' जैसी शानदार फिल्मों का निर्देशन कर चुके विकास बहल अब फिल्म 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन, सिद्धांत चतुर्वेदी और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। निर्माताओं ने 14 नवंबर को इस फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर लिखा, 'प्यार और हंसी का ताला खोलते हुए, 'दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग' 2025 में पर्दे पर। क्या आप चाबी घुमाने के लिए तैयार हैं?'



# अभिनेत्री हैली ने क्वार्टरबैक एलन से की सगाई...

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री हैली स्टेनफेल्ड पिछले लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। अब वह एक बार फिर से चर्चा में आई गई हैं। दरअसल, हैली ने बीते 22 नवंबर को क्वार्टरबैक जोश एलन से सगाई की। अब सगाई के 8 दिन बाद हैली और जोश ने प्रपोजल की तस्वीर अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर साझा की है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। सामने आई तस्वीर में जोश को घुटने पर बैठ हैली को शादी के लिए प्रपोज करते हुए देखा जा सकता है। इस जोड़े ने कैप्शन में सगाई की तारीख का खुलासा किया और लिखा, '11-22-24।' हैली और जोश को सगाई के लिए उनके कई दोस्त लगातार बधाई दे रहे हैं। टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने लिखा, 'बधाई, मैं प्यार करती हूं तुम दोनों से।' अभिनेता चैड माइकल मरे ने लिखा, 'बहुत-बहुत बधाई हो, मेरे भाई।'

# 'पुष्पा-2' ने तोड़ा 52 साल का रिकॉर्ड

**मुंबई।** पिछले लंबे समय से अल्लू अर्जुन फिल्म 'पुष्पाः द रूल' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह 2021 में आई फिल्म 'पुष्पाः द राइज' का सीक्वल है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ था। यह फिल्म 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। रिलीज से पहले अब 'पुष्पा 2' ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। दरअसल, फिल्म मुंबई के प्रतिष्ठित गेयटी-गैलेक्सी मल्टीप्लेक्स में सभी छह स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म बन गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'पुष्पाः द रूल' मुंबई के प्रतिष्ठित गेयटी-गैलेक्सी मल्टीप्लेक्स में 6 स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म बनकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए तैयार है। फिल्म के हर दिन कुल 18 शो होंगे। इस तरह 'पुष्पा 2' सिनेमा जगत में 52 साल के रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रचने वाली है। इस फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में भी रिलीज किया जाएगा।



# राशि बनना चाहती थीं आईएएस अफसर

**मुंबई।** राशि खन्ना ने 30 नवंबर को अपना 34वां जन्मदिन मनाया। इन दिनों वह फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की सफलता का आनंद उठा रही हैं। राशि तेलुगु, मलयालम और तमिल फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वालीं राशि एक वक्त पर अभिनय नहीं करना चाहती थीं, बल्कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अफसर बनकर देश की सेवा करना चाहती थीं? एकेडमिक टॉपर भी रह चुकी हैं। राशि का जन्म 30 नवंबर, 1990 को दिल्ली में हुआ था। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई मदर्स सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल से पूरी की। इसके अलावा उन्होंने दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज में दाखिला लिया और अंग्रेजी में कला स्नातक की उपाधि प्राप्त की।



# कैदी बने अभिजीत तो दया ने तोड़ा दरवाजा




**मुंबई।** सोनी टीवी पर एक बार फिर से सभी का पसंदीदा शो सीआईडी दस्तक देने जा रहा है। इसके प्रीमियर की तारीख तो पहले ही आ गई थी। लेकिन अब इसका लेटेस्ट प्रोमो रिलीज किया गया है, जो वाकई कमाल का है। दया, अभिजीत और एसीपी प्रद्युम्न के अलावा डॉक्टर साहब भी दिखाई दिए हैं। और सभी एक नए केस पर काम कर रहे हैं। जिसमें काफी ड्रामा और एक्शन और इमोशन छिपा हुआ है। हालांकि इसमें इस्तेमाल किए गए वीएफएक्स को लोगों ने नापसंद किया है। सीआईडी अब 21 दिसंबर से शनिवार और रविवार रात 10 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित किया जाएगा। टीवी शो सीआईडी सीआईडी के नए प्रोमो की शुरुआत एक मेट्रो के अंदर से होती है, जहां एक महिला को गोली मारी जाती है। इसके बाद एसीपी प्रद्युम्न यानी शिवाजी साटम की एंट्री होती है, जो डॉक्टर सालुखे से पूछते हैं कि क्या कहती है लाश? वह बोलते हैं कि लाश तो खामोश है लेकिन खून कुछ बड़े सबूत की तरफ इशारा करता है। उतनी देर में एक कुर्सी से बंधी लड़की बम से उड़ा दी जाती है। फिर शिवाजी साटम बोलते हैं, 'कुछ तो गड़बड़ जरूर है सालुखे।'

# ऋतिक की 'वॉर 2' में हॉलीवुड स्टंट निर्देशक स्पिरो की एंट्री...

**मुंबई।** 'पठान' और 'टाइगर 3' के बाद यशराज फिल्म्स अपने स्पाई यूनिवर्स का विस्तार फिल्म 'वॉर 2' से करने जा रहा है। जहां ऋतिक रोशन फिल्म में एजेंट कबीर की भूमिका में वापसी करेंगे, वहीं जूनियर एनटीआर इसके जरिए बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाले हैं। फिल्म की 80% शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। अब खबर है कि ऋतिक और एनटीआर दिसंबर के दूसरे सप्ताह में फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग करेंगे, जो 15 दिनों के लिए शेड्यूल है। मिड-डे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'वॉर 2' में हॉलीवुड के जाने-माने स्टंट निर्देशक स्पिरो रजाटोस की एंट्री हो चुकी है। वह फिल्म का भव्य क्लाइमेक्स डिजाइन करने वाले हैं। स्पिरो को 'वेनम', 'एवेंजर्सः एज ऑफ अल्ट्रॉन' और 'जवान' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्म के क्लाइमेक्स पर निर्देशन अयान मुखर्जी पानी की तरह पैसा बहा रहे हैं। 'वॉर 2' के क्लाइमेक्स में एनटीआर और ऋतिक जबरदस्त एक्शन करते हुए नजर आएंगे। दोनों एक-दूजे के आमने-सामने होंगे।



# आजाद की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर आया सामने ...

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन को इन दिनों रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में देखा जा रहा है, जिसमें उनके काम की खूब प्रशंसा हो रही है। यह फिल्म सिनेमाघरों में लगी हुई है। अजय जल्द ही फिल्म 'आजाद' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म के जरिए इसके जरिए रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। अब 'आजाद' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। 'आजाद' को 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। अजय के भांजे अमन देवगन भी इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

हमारा आशियाना

रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस

रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life

संपर्क करें : 90181 81813

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, **संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.)** Mob. **9589295885, 9993929100.**(RO-3110)

### सेल्स/ मार्केटिंग

**आवश्यकता है-** प्रत्येक तहसील एवं जिले स्तर रिसर्च बेस आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स के सेल्स एवं मार्केटिंग हेतु डाक्टर्स, मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव, वैद्य तथा अनुभवी लोगों की आवश्यकता है। **आय 20000- 50000/- प्रतिमाह:- 9713517535, 9300494000.** (RO-334)

### Finance फायनेंस

**फाइनेंस-** लोन, लोन, लोन गुरुकृपा फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, महिलाओं के लिए विशेष छूट **संपर्क:- 9201641302.** (RO-3131)

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

### ऑफिस बॉय/प्यून

**आवश्यकता है-** अनुभवी ऑफिस बॉय / प्यून की। 10वीं पास **संपर्क करें - 78288-88621 / 78794-72898, पता :- गेट अकादमी, नरसिंघ विहार कॉलोनी, कातुलबोर्ड , दुर्ग** (आरो न.-633)

### अन्य

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G **कंपनी** (SMS SENDING CALLING JOB) **करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त)** NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP **करें:- 6294162526.** (RO-3128)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार । **संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375.** (RO-370)

### Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871.** (RO-3106)




### टेलीकॉलर

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु 12TH PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.**(RO-3133)

**आवश्यकता है-** घर का घरेलू कार्य एवं टेली कॉलिंग कार्य हेतु, लड़की / महिला चाहिए पार्टटाइम / फुलटाइम समय 8 से 8 खाना + रहना फ्री सैलरी 8000/- आधार फोटो बायोडाटा सहित **संपर्क:- गोकुल टावर, गोगांव गुढ़ियारी रायपुर मोबाइल 90393-21951.** (RO-3132)

### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ की अतिशीघ्र आवश्यकता है (ANM / GNM) वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क करें जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल न्यू शांति नगर रायपुर 7400558800.** (RO-6413)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### टॉवर

**टॉवर -** मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं **9993054415.** (RO-70)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद "तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड Space Available for Ad. 6263818152

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### Appointment आवश्यकता

### सिविल इंजीनियर

**आवश्यकता है-** सिविल इंजीनियर, साइड सुपरवाइजर, चौकीदार की आवश्यकता है। **पता- संतोषी कंस्ट्रक्शन कबीर नगर रायपुर मो. 8815464571** (RO-6432)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- **संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016.** (RO-3114)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार **पता- HP अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर मोबाइल 9340741230.**(RO-6425)

### मशीन ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कुम्हारी स्थित प्रिंटिंग प्रेस में सी टी पी मशीन ऑपरेटर की 1 फोटोशॉप , कोरल ड्रॉ व सी टी पी मशीन में कार्य करने का अनुभव अनिवार्य । **संपर्क- 11:00 -01:00 युगबोध डिजिटल प्रिंट्स भीमसेन भवन के सामने, 6, समता कालोनी, रायपुर (छ. ग) फोन - 07771-4200932 E.mail - yug426@gmail.com** (RO-376)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** विभिन्न कार्य हेतु शिक्षित लड़को की आवश्यकता है **संपर्क करें:- हेयर एंड केयर विविंग पॉइंट प्रथम तल, समवेत शिखर परिसर, रजबंधा मैदान, रायपुर मोबाइल नंबर:- 98271-03630.**(RO-3126)

### टीचर

**आवश्यकता है-** चक्रवर्ती पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम प्रोफेसर कॉलोनी में नर्सरी से आठवीं तक छात्रों को पढ़ाने हेतु टीचर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित मिले **संपर्क करें:- 9644021854.**(RO-3127)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** गृह कार्य हेतु एक अनुभवी महिला की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार 800/- से 12000/- एक अनुभवी ड्रायवर चाहिए कम से कम 05 साल का अनुभव रहने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार **मो.- 7003707355, 9340109282.** (RO-6426)

### कुक/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने के हेतु महिला/पुरुष (ड्राइवर या कुक) चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले **संपर्क करें 9300593000.**(RO-1227)

हरिभूमि

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** PVC पाइप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए 04 **पता- आर. बी. पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर - 843 590 4413** (RO-6430)

**आवश्यकता है-** रेडीमेट कपड़े की थोक दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़के एवं लड़कियों की आवश्कता है **संपर्क नंद होजयरी डिपो जयहिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मो. 9300188811.**(RO-1017)

### क्लिनिक कार्य/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** आयुर्वेदिक क्लिनिक हेतु लड़के / लड़कियों / पुरुष /महिला व ड्राइवर की आवश्यकता है **सम्पर्क डॉ अग्रवाल स्टेशन रोड दुर्ग मोहन नगर थाने के सामने मो. 98271-99213.**(आरो न.-635)


नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330



# गैस त्रासदी के 40 साल

> दैत्य अभी जिंदा है...
>
> वो दैत्य अभी भी
> जिंदा है
> हवाओं में, पानी में,
> मिट्टी में, सांसों में,
> पीढ़ियों में, जिंदगियों में
> इसे कौन मारेगा?
>
> इसे कौन मारेगा?
> जिसने जिंदगियों की
> सूरत पर
> लिख दिया है मौत का
> पैगाम
> वो मरेंगे सांस तोड़कर
> नहीं, सांस जोड़कर
>
> इस घुटन के चक्रव्यूह
> को कौन तोड़ेगा
> इसे कौन मारेगा?

### तत्कालीन फोरेंसिक विशेषज्ञ विमल के शर्मा ने 'हरिभूमि' से किया खुलासा

### एक तत्कालीन फोरेंसिक विशेषज्ञ ने डीआरडीओ, ग्वालियर में जाकर 4 एमएल मिक गैस बनाई, भोपाल लाए और साबित किया कि यही कातिल गैस है

यूनियन कार्बाइड का हत्यारा कारखाना, ड्रोन फोटो : मनिंदर सिंह

# जिस गैस ने हजारों को मारा, वही 'कातिल' है, इसका पता भी त्रासदी के 6 साल बाद चला

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये साबित करना बड़ी चुनौती थी कि यही मिक है, इसलिए, इसे अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में भी प्रकाशित करवाना पड़ा। तब तक वे मानने को तैयार नहीं थे कि मौतें इसी गैस से हुई हैं। इसे साबित करने में लगभग 6 साल लग गए। पूरी दुनिया के वैज्ञानिक 1990 में सहमत हुए कि हां, ये मिक गैस ही थी।

## मानवता के प्रति यह था 'सबसे बड़ा अपराध'

एमआईसी के मानव शरीर पर विषैले और मारक प्रभाव होते हैं, ये जाने बिना इसका भोपाल में निर्माण हुआ। हालांकि, इसके निर्माण पर व्यावसायिक स्तर पर रोक लगी हुई थी।



डॉ. विमल कुमार शर्मा

*अत्यधिक विषैली प्रकृति के बावजूद 84 टन एमआईसी टैंक की कोई सुरक्षा व निगरानी नहीं थी*

आनंद सक्सेना ⏭ भोपाल

साल 1984। 2 और 3 दिसंबर की रात। यूनियन कार्बाइड कारखाने से रिसी मिथाइल आइसो साइनाइड (मिक) गैस ने हजारों लोगों को मौत की नींद सुला दिया। पर, यही गैस कातिल है, यह साबित भी त्रासदी के काफी सालों बाद हो सका था। तब तक इस गैस की तलाश चल रही थी कि आखिर ये कौनसी गैस है जिसने इतना बड़ा नरसंहार कर दिया है? इसे साबित किया तब के युवा फोरेंसिक विशेषज्ञ विमल कुमार शर्मा (बाद में वे डॉक्टरेट हुए) और उनके साथी शोधार्थियों ने। उनकी और दर्जन भर रिसर्चर की रिसर्च के 6 साल बाद ही दुनिया ने यह माना कि मिक ही कातिल गैस थी।

शर्मा(68) खुद डीआरडीओ, ग्वालियर गए। उन्होंने 4 एमएल गैस बनाई। उसे बर्फ के सुरक्षित डिब्बे में शताब्दी एक्सप्रेस से भोपाल लाए। यहां आकर उस पर अन्य साथियों के साथ शोध किया। 6 साल यह प्रक्रिया चली। आखिरकार, विश्व को मानना पड़ा कि नरसंहार करने वाली गैस मिक ही है। शर्मा ने मानव व जीव जंतुओं के रक्त पर प्रयोग कर साबित किया कि एमआईसी गैस और पानी से मिलने के बाद उससे बने जहरीले प्रभाव से ही हजारों मौत हुईं। वो स्वयं इसे बताने के लिए प्रयोगशालाओं में पहुंचे और भोपाल में मृत लोगों के टिशूज पर अनुसंधान किया। सर्दी का मौसम होने से गैस नीचे रही और भागने वाले लोग उसका शिकार होते चले गए। रिसर्च में एच चंद्रा, जीजे रैन और एट अल भी शामिल थे।



हरिभूमि विशेष

### हादसे के 40 दिन बाद भी ध्यान नहीं दिया गया

शर्मा ने बताया कि एमआईसी टैंक में पानी का वॉल्व लीक हुआ जिससे तापमान और दबाव की तत्कालीन प्रचलित स्थितियों में रसायनों और उत्पादों के अत्यधिक उपयोग से अनेक यौगिक उत्पन्न हुए। यही संभवतः वातावरण में फैल गए व लोगों द्वारा श्वांस के माध्यम से अंदर लिए गए और उसका शिकार हो गए। जांच करने पर यह पाया गया कि मिथाइल आइसोसाइनाइड के साथ पानी, फेरिक नमक और क्लोरोफॉर्म को 250 डिग्री सेल्सियस पर बंद स्टेनलेस स्टील ट्यूब में गर्म करने पर समान टैंक अवशेष यौगिक बन सकते हैं। यह तापमान टैंक के उभार और साइनाइड की उत्पत्ति को स्पष्ट नहीं कर सका, जो 547 डिग्री सेल्सियस पर होता है। इसके अलावा यह टैंक अवशेषों में रिपोर्ट किए गए उच्च आणविक भार यौगिकों की उपस्थिति को भी स्पष्ट नहीं कर सका। टैंक नंबर 610 का दबाव बनाए नहीं रखा गया था। 40 दिन बाद भी संज्ञान नहीं लिया गया। इस तथ्य के बावजूद कि कारखाने वालों को पता था कि कमरे के तापमान और वायुमंडलीय दबाव पर बहुत ज़्यादा प्रतिक्रियाशील है।

### ये बरती गई बड़ी लापरवाही....

1 वेंट गैस स्क्रबर इसका उद्देश्य रिसाव के समय निकलने वाली गैसों या वाष्पों पर कास्टिक सोडा का छिड़काव करके उन्हें बेअसर करना होता है। रखरखाव के लिए स्क्रबर को बंद कर दिया गया था। जल पर्दा एमआईसी को 12.15 मीटर की ऊंचाई तक निष्क्रिय करने के लिए पानी का छिड़काव किया गया था। यह रिसाव की ऊंचाई तक नहीं पहुंच पाया। क्योंकि, गैसें जमीन से 33 मीटर ऊपर निकल रही थीं।

2 फ्लेयर टावर का 30 मीटर की ऊंचाई तक जहरीली गैसों को हवा में जलाने के लिए किया जाता था, लेकिन इसका उपयोग नहीं किया जा सका। क्योंकि, पाइप की लंबाई खराब हो गई थी और उसे बदला नहीं गया था।

3 *रेफ्रिजरेशन सिस्टम का इस्तेमाल गैसों को ठंडा करने के लिए किया जाता था, यह पांच महीने से काम नहीं कर रहा था।*

*40 साल भी नहीं मिली इनको 'मुक्ति'*

# करीब 2 हजार लोगों की अस्थियां अब तक हैं...अपनों के इंतजार में

वहीद खान ⏭ भोपाल

गैस त्रासदी के 40 साल बाद भी ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें अंतिम संस्कार भी नसीब नहीं हुआ। हादसे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि तीन दिसंबर को दिन भर में आठ सौ से अधिक पोस्टमार्टम किए गए। तत्कालीन मेडिको लीगल विभाग के रिटायर अधिकारी डॉ. डीके सत्पथी ने भी इसकी पुष्टि की है। इस दौरान ऐसे लोगों के भी पोस्टमार्टम किए गए, जिन्हें लेने परिजन नहीं आए।

जिसके बाद इनके शवों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया, आखिरकार यह कंकाल में बदल गए। हादसे के बाद इन मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए प्रयास नहीं किए गए, जिसकी वजह से इन लोगों का अब तक अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। सत्पथी का कहना है कि मौत का आंकड़ा बता पाना तो मुश्किल है, लेकिन कई परिजन अस्पताल में मृत हुए लोगों के शव तक लेने नहीं आए थे। गांधी मेडिकल कॉलेज में गैस त्रासदी के दौरान निकली गैस के प्रभाव पर अब तक अध्ययन किया जा रहा है। भोपाल गैस पीड़ित संगठन की रचना ढींगरा का कहना है कि अब तक गैस पीड़ितों को इलाज और पूरा मुआवजा दिलाने की लड़ाई लड़ी है। हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट तक में केस लगाए हैं। पीड़ितों और उनकी पीढ़ी को सही और तत्काल इलाज के लिए आज भी जद्दोजहद की जा रही हैं।

### ◆ इन्हीं अस्थियों पर गांधी मेडिकल कॉलेज में अब तक चल रही है रिसर्च



### सरकारी आंकड़ों में 3 हजार 787 मृत

हादसे में मृत हुए लोगों का सरकारी आंकड़ा 3 हजार 787 है, जबकि आठ हजार से अधिक लोगों की मौत हुई थी। इधर, पिछले पांच साल के दौरान अठारह हजार गैस पीड़ितों की मौत होने का दावा किया जा रहा है। दरअसल, कोविड के दौरान भी गैस पीड़ितों की अधिक मौत हुई है। जबकि, पांच लाख की आबादी गैस के असर से सीधी प्रभावित हुई थी।



### 42 कॉलोनियों के पानी में हानिकारक रसायन

भोपाल गैस कांड से जुड़े यूनियन कार्बाइड कारखाने में पड़े 337 टन जहरीले कचरे को 40 साल में भी नष्ट नहीं किया जा सका है। बाहर के इलाके में 21 अलग-अलग जगहों पर करीब दो लाख मीट्रिक टन कचरा दफन है। अलग-अलग तालाबनुमा पोंड में यह आसपास के चार किलोमीटर के दायरे में भूमिगत जल को प्रदूषित कर चुका है। इस कचरे की वजह से आसपास की 42 कॉलोनियों के जल स्रोतों में हानिकारक रसायन का स्तर बढ़ा है। प्रताप नगर, चंदन नगर, गरीब नगर, शिव शक्ति नगर, उड़िया बस्ती, चांदबड़, शिव नगर, दुल्ही चंद का बाग, टिंबर मार्केट, एकता नगर, फूटा मकबरा, राजगढ़, जेपी नगर, शक्ति नगर, करीम बख्श कॉलोनी, रिसालदार कॉलोनी, संत कवर राम नगर, ग्रीन पार्क कॉलोनी, चौकसे नगर, रंभा नगर और कल्याण नगर बस्ती के पानी में हानिकारक तत्व मिले हैं।

[ दर्द के शिलालेख-1 ] कोई सुनाएगा बच्चों के खोने की दास्तां तो किसी ने किस तरह खो दिया पति?



# भयावह तस्वीरें देखनी हैं.. दर्द भरी चीत्कार सुननी है तो जाइए रिमेंबर भोपाल म्यूजियम

मधुरिमा राजपाल ⏭ भोपाल

ये मेरी बेटी का सूटर (स्वेटर) है, पूजा नाम था उसका, 4 दिसंबर 1984 को मेरे दो बच्चे खत्म हुए थे। दो-ढाई बजे लड़के की डेड बॉडी लेकर आए थे राकेश की, उसके बाद शाम को आठ बजे करीब पूजा खत्म हो गई। इसके बाद एक गहरी सहमी हुई और दुख से भरी हुई चुप्पी। यह आवाज है पिता मूलचंद की, जिसने 4 दिसंबर 1984 को गैस कांड में अपने दो बच्चों को खोया, इस आवाज के साथ ही मूलचंद के बच्चों के स्वेटर भी डिस्प्ले में रखे गए। टेलीफोन पर आती हुई मात्र यही आवाज नहीं है बल्कि ऐसे ही दर्द को बयां करती ढेरों आवाजें, चीत्कार सुनने को मिलती हैं 'रिमेंबर भोपाल म्यूजियम' की दीवारों पर लगे टेलीफोनों में। रिमेंबर भोपाल म्यूजियम यूनियन कार्बाइट फैक्ट्री से लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी पर बनाया गया है। जिसमें पांच कमरों में भोपाल गैस कांड की तस्वीरें और उस दर्द को बयां करती आवाजें टेलीफोन में मौजूद हैं।



### पांच चैप्टर के रूप में बांटे गए म्यूजियम के पांचों कमरे

पांच कमरों के बने इस म्यूजियम में प्रवेश करते ही गैस कांड की भयावह तस्वीर सामने आती है। इसके पांचों कमरों को पांच चैप्टर के रूप में बांटा गया है। जिसमें गैस कांड के समय, गैस कांड के कारण भोपाल की भयावह तस्वीरें, बच्चों की दर्दनाक स्थिति के साथ ही गैस पीड़ितों द्वारा किया गया संघर्ष है। पहला कमरा, मुख्य रूप से घटना के समय का है, जिस वक्त घटना हुई, उस वक्त की भगदड़, चीत्कार, लोगों के चेहरे पर शिकन, परेशानी को दर्शाती तस्वीरें। दूसरा कमरा, हादसे के बाद प्रदूषित हुई भोपाल की गलियां, लाशों के ढेर, मवेशियों के लावारिस पड़े शरीर। तीसरा कमरा, हादसे के बाद गैस पीड़ितों को मिली बीमारियों की मार, गैस कांड के बाद जन्मे बच्चों के विद्रूप चेहरे और घावों को दर्शाती तस्वीरें।

[ दर्द के शिलालेख-2 ] *तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर देवीसरन ने 'हरिभूमि' को बताया*



**पूरे शहर में मृत लोगों से ज्यादा जानवरों को दफनाने की जरूरत थी, जिससे बीमारी न फैल सके**

# सड़क व अस्पतालों में जहां शव दिखाई दे रहे थे उन पर 'अपने' ही कपड़े फाड़कर डालते चले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

40 साल पहले अपने दफ्तर से निकल कर यह सोचकर घर पहुंचे थे कि कड़ाके की सर्दी है आराम करेंगे। ड्राइवर को लालबत्ती की सरकारी कार पार्क करके वापस जाने को कहा। उस समय लालबत्ती लगती थी अफसरों के वाहनों पर।

वर्ष 1984 में दो और तीन दिसंबर की दरमियानी रात को यूनियन कार्बाइड कारखाने से गैस लीकेज हो गई और हजारों लोग खत्म हो चुके हैं। इतनी जानकारी सरकारी तौर पर मिली और दूसरे दिन नगर निगम कमिश्नर होने के नाते मुझे ऊपर से निर्देश आया कि आपको हर गली और मोहल्ले की जानकारी है। इसलिए चारों तरफ घूमकर सही स्थिति का आंकलन करें। चार पहिया और लालबत्ती वाहन की जगह दोपहिया से घूमने को कहा गया। एक साथी अधिकारी के स्कूटर से दिन और रात गली मोहल्ले में जानकारी लेते रहे। यह बात 'हरिभूमि' से चर्चा करते हुए तत्कालीन नगर निगम कमिश्नर देवीसरन ने कही। उन्होंने बताया कि गैस लीकेज होने के बाद अगले चार दिन तक मुझे मरे हुए जानवरों को छोटी गली और मोहल्ले से निकालकर नमक और अन्य पदार्थ को डालकर दफनाने को कहा गया। वो समय जब याद करते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। दो पहिया खटारा वाहन और गैस लगने से सर्दी में मरे हुए जानवरों का वजन और शरीर चार गुना फूल गया था। आज भी वो समय याद कर रूह कांप जाती है।

## खबर संक्षेप

### आवक घटने से तेल-तिलहन की कीमतों में आया सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच देश में सोयाबीन, सूरजमुखी और कपास के हाजिर दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से लगभग 10-15 प्रतिशत कमजोर रहने की वजह इन तिलहनों की आवक घटने के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन, बिनौला तेल के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए।

### भारत में ब्रिटिश परिधान आयात के बड़े अवसर

**नई दिल्ली।** परिधान निर्यात संवर्धन परिषद ने रविवार को कहा कि भारत में ब्रिटिश परिधान कंपनियों के लिए आयात के बड़े अवसर हैं। अगले साल यहां होने वाले 'मेगा टेक्सटाइल शो' में बड़ी 'भारत टेक्स 2025' का आयोजन यहां 14-17 फरवरी, 2025 को भारत मंडपम में और अगले साल 12-15 फरवरी को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में किया जाएगा।

### विप्रो एंटरप्राइजेज के राजस्व में 10 प्रतिशत का इजाफा



**नई दिल्ली।** अजीम प्रेमजी के नेतृत्व वाली विप्रो एंटरप्राइजेज ने कहा कि मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में उसका एकीकृत परिचालन राजस्व 9.8 प्रतिशत बढ़कर 16,902 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का लाभ 35 प्रतिशत बढ़कर 1,903.1 करोड़ रुपये हो गया। कुल आय 2023-24 में 11.2 प्रतिशत बढ़कर 17,761.3 करोड़ रुपये रही।

### एआई एक्सप्रेस की कोलकाता से पोर्ट ब्लेयर दैनिक उड़ान



**कोलकाता।** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने रविवार को नेटवर्क विस्तार के तहत कोलकाता से श्री विजयपुरम (पोर्ट ब्लेयर) के लिए दैनिक उड़ान शुरू की। कोलकाता - श्री विजयपुरम की पहली उड़ान सुबह 5.40 बजे रवाना हुई। बयान में कहा गया है कि 15 दिसंबर से एयरलाइन इस मार्ग पर एक अतिरिक्त दैनिक उड़ान शुरू करेगी।

### करूर वैश्य की तमिलनाडु और आंध्र में चार शाखाएं

**चेन्नई।** निजी क्षेत्र के करूर वैश्य बैंक ने अपने विस्तार अभियान के तहत तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में चार नई शाखाओं का उद्घाटन किया है। तमिलनाडु स्थित बैंक ने रविवार को एक बयान में कहा कि चेन्नई में दो और आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और कुडप्पा में एक-एक नई शाखाओं की शुरुआत के साथ कुल शाखा नेटवर्क बढ़कर 858 हो गया।

### रॉय एसबीआई अधिकारी महासंघ के महासचिव बने

**नई दिल्ली।** रूपम रॉय ने अखिल भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी महासंघ (एआईएसबीओएफ) के महासचिव का पदभार संभाल लिया है। एआईएसबीओएफ ने रविवार को एक बयान में कहा कि 26-27 नवंबर, 2024 को चंडीगढ़ में आयोजित छठी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान आम सहमति से इस संबंध में फैसला किया गया था। रॉय ने दीपक के शर्मा का स्थान लिया, जो 30 नवंबर को बैंक से सेवानिवृत्त हुए थे। रॉय अखिल भारतीय बैंक अधिकारी संघ के महासचिव भी हैं।

# आरबीआई ब्याज दर पर बनाए रख सकता है यथास्थिति : विशेषज्ञ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- मौद्रिक नीति समिति की बैठक 4-6 दिसंबर, 2024 को होने वाली है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह के अंत में अपनी द्विपक्षीय मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख ब्याज दर को एक बार फिर अपरिवर्तित रख सकता है।

विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि मुद्रास्फीति सहनशील सीमा के ऊपरी स्तर को पार कर गई है, और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि के निराशाजनक आंकड़ों को देखते हुए केंद्रीय बैंक वृद्धि पूर्वानुमान को कम कर सकता है। रिजर्व बैंक गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 4-6 दिसंबर, 2024 को होने वाली है।

## मुद्रास्फीति सहनशील सीमा के ऊपरी स्तर को पार कर गई

### उधारी दर 6.5 फीसदी पर रखा बरकरार

रिजर्व बैंक ने फरवरी 2023 से रेपो दर या लघु अवधि की उधारी दर को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसमें कुछ राहत फरवरी 2025 में ही मिल सकती है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि वैश्विक माहौल में अनिश्चितता और मुद्रास्फीति पर संभावित प्रभाव को देखते हुए रेपो दर पर यथास्थिति बनी रह सकती है।




### खुदरा मुद्रास्फीति छह फीसदी से ऊपर

बैठक के निर्णय की घोषणा छह दिसंबर को गवर्नर शक्तिकांत दास करेंगे। आमतौर पर ऐसा माना है कि आरबीआई जल्द ही प्रधान ब्याज दरों को कम करना शुरू कर देगा, लेकिन केंद्रीय बैंक के पास इस बार बहुत कम विकल्प होंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से ऊपर है।

### जीडीपी वृद्धि दूसरी तिमाही से काफी कम

सबनवीस ने कहा कि मुद्रास्फीति और जीडीपी दोनों के लिए आरबीआई के अनुमानों में बदलाव होगा, क्योंकि मुद्रास्फीति अब तक आरबीआई के तीसरी तिमाही के पूर्वानुमान से अधिक रही है और जीडीपी वृद्धि दूसरी तिमाही में उम्मीद से काफी कम रही है।

### वृद्धि पूर्वानुमान को कम कर सकती है

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अक्टूबर 2024 में उपभोक्ता कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति छह प्रतिशत को पार कर गई है। ऐसे में उम्मीद है कि दिसंबर 2024 की बैठक में एमपीसी यथास्थिति बनाए रखेगी। नायर ने कहा, साथ ही, हमारा अनुमान है कि एमपीसी अगले सप्ताह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपने वृद्धि पूर्वानुमान को कम करेगी।

## एसयूवी की मजबूत बिक्री से घरेलू यात्री वाहन की बिक्री में इजाफा

# शादियों के मौसम, ग्रामीण क्षेत्र में वृद्धि से नवंबर में घरेलू यात्री वाहन की बिक्री बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियों मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने रविवार को बताया कि चालू शादी सीजन, ग्रामीण क्षेत्रों में जारी मांग और स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) की मजबूत बिक्री के चलते घरेलू यात्री वाहन बिक्री में वृद्धि हुई है।

दूसरी ओर, हाल ही में सूचीबद्ध हुई हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) की घरेलू बिक्री पिछले महीने सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 48,246 इकाई रह गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 49,451 इकाई थी। बाजार की अग्रणी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने नवंबर में घरेलू यात्री वाहन (पीवी) की थोक बिक्री पांच प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,41,312 इकाई की दर्ज की, जो एक साल पहले इसी महीने में 1,34,158 इकाई थी।

### कंपनी की नवंबर में ग्रामीण पहुंच बढ़ी

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा, "नवंबर में हमारी बिक्री कई कारकों से प्रभावित हुई, जिनमें चालू शादी सीजन की मांग, ग्रामीण बाजार में निरंतर वृद्धि, सीमित संस्करण की पेशकश और एसयूवी की बढ़ती मांग शामिल है।" उन्होंने कहा कि इस साल नवंबर में कंपनी की ग्रामीण पहुंच 2.2 प्रतिशत बढ़कर 48.7 प्रतिशत हो गई।

### टाटा मोटर्स की बिक्री में दो फीसदी की बढ़ोतरी

वैन ईको की बिक्री पिछले महीने 10,589 इकाई रही, जबकि नवंबर, 2023 में यह 10,226 इकाई थी। वहीं हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 2,926 इकाई रही, जबकि नवंबर, 2023 में 2,509 इकाई थी। एक अन्य प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स ने कहा कि ईवी सहित इसकी घरेलू पीवी बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 47,063 इकाई हो गई, जो नवंबर, 2023 में 46,068 इकाई थी।



- मारुति की घरेलू यात्री वाहन बिक्री में पांच फीसदी का इजाफा
- हुंडई की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर दो फीसदी घटी

### हुंडई के निर्यात में मामूली गिरावट

दूसरी ओर, हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने कहा कि नवंबर में उसकी घरेलू बिक्री सालाना दो प्रतिशत घटकर 48,246 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 49,451 इकाई थी। पिछले महीने निर्यात में सालाना 20 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 13,006 इकाई रह गई।

### टोयोटा के सालाना बिक्री में 44 फीसदी वृद्धि

इसी तरह, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने कहा कि नवंबर में इसकी कुल बिक्री सालाना 44 प्रतिशत बढ़कर 25,586 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 17,818 इकाई थी।

### शहरी ग्राहक दिसंबर का इंतजार करते हैं

शहरी बाजार के बारे में बनर्जी ने कहा, "हमें अक्टूबर जैसा आकर्षण नहीं दिख रहा है। आम तौर पर ऐसा होता है कि शहरी ग्राहक दिसंबर का इंतजार करते हैं और नवंबर में थोड़ा पीछे हट जाते हैं, ताकि उन्हें (साल के अंत में) बेहतर ऑफर मिल सकें।"

### ऑल्टो जैसी छोटे कारों की मांग बढ़ी

ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की बिक्री समीक्षाधीन माह में 9,750 इकाई रही, जो नवंबर 2023 में 9,959 इकाई थी। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री नवंबर में घटकर 61,373 इकाई रह गई, जो एक साल पहले महीने में 64,679 इकाई थी। ब्रेजा, अर्टिगा, ग्रैंड विटारा और एक्सएल6 जैसी बहुद्देशीय वाहनों ने पिछले महीने 59,003 इकाइयां बेची, जो पिछले साल नवंबर में 49,016 इकाई थी।

# जीएसटी संग्रह नवंबर में बढ़कर 1.82 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- नवंबर के जीएसटी संग्रह में 8 .5 प्रतिशत का इजाफा
- केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपए रहा

घरेलू लेनदेन से अधिक राजस्व मिलने से नवंबर में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया।

केंद्रीय जीएसटी संग्रह 34,141 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 43,047 करोड़ रुपये, एकीकृत आईजीएसटी 91,828 करोड़ रुपये और उपकर 13,253 करोड़ रुपये रहा। नवंबर में कुल सकल जीएसटी राजस्व 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 1.68 लाख करोड़ रुपये था। अक्टूबर में 1.87 लाख करोड़ रुपये का जीएसटी संग्रह नौ प्रतिशत वार्षिक वृद्धि के साथ दूसरा सबसे अच्छा जीएसटी संग्रह था। अब तक का सबसे अधिक संग्रह अप्रैल, 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। जीएसटी राजस्व 9.4 प्रतिशत बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात पर कर से राजस्व लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 42,591 करोड़ रुपये हो गया।

### इस माह 19,259 करोड़ रुपए के रिफंड

इस महीने के दौरान 19,259 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.9 प्रतिशत कम है। रिफंड समायोजित करने के बाद, शुद्ध जीएसटी संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 1.63 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले से तय होगी शेयर बाजारों की चाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वैश्विक रुझानों और व्यापक आर्थिक आंकड़ों का पड़ेगा असर
- शेयर बाजार जीडीपी वृद्धि पर प्रतिक्रिया दे सकता है

वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले से इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह निवेशक ऑटो बिक्री के मासिक आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे।

स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा, ''बाजार सोमवार को 5.4 प्रतिशत की निराशाजनक जीडीपी वृद्धि पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं। आगामी आरबीआई नीति महत्वपूर्ण होगी, जिसमें ब्याज दर निर्णय और टिप्पणी, दोनों पर ही निवेशकों की नजर होगी।

मीना ने आगे कहा कि वैश्विक मोर्चे पर, भू-राजनीतिक तनाव, विशेष रूप से रूस-यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंता बनी हुई है। मीना ने आगे कहा कि भारत, अमेरिका और चीन से विनिर्माण पीएमआई जैसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। विनिर्माण और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के साथ ही कमजोर खपत के कारण चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर पहुंच गई। देश हालांकि अभी भी सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों ने काफी उतार-चढ़ाव देखा, हालांकि सप्ताह के अंत में बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

### कच्चे तेल व डॉलर के रुख का भी पड़ेगा असर

पिछले सप्ताह, बीएसई का प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 685.68 अंक या 0.86 प्रतिशत उछला। दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 223.85 अंक या 0.93 प्रतिशत चढ़ा। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिकी डॉलर के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा।

## वीईसीवी की बिक्री नवंबर में 7.3 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स लिमिटेड की इकाई वीई कमर्शियल व्हीकल्स (वीईसीवी) की नवंबर, 2024 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत बढ़कर 5,574 इकाई रही। आयशर मोटर्स ने रविवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वोल्वो समूह और आयशर मोटर्स के संयुक्त उद्यम वीई कमर्शियल व्हीकल्स (वीईसीवी) ने नवंबर 2023 में 5,194 इकाइयां बेची थीं। नवंबर, 2024 की बिक्री में आयशर ब्रांड की 5,359 इकाइयां और वोल्वो ब्रांड की 215 इकाइयां शामिल थीं।

घरेलू वाणिज्यिक वाहन बाजार में, आयशर ब्रांडेड ट्रकों और बसों की बिक्री पिछले महीने 5.8 प्रतिशत बढ़कर 4,957 इकाई रही, जो नवंबर, 2023 में 4,686 इकाई थी। इसमें कहा गया है कि आयशर ब्रांड के ट्रकों और बसों का निर्यात 32.7 प्रतिशत बढ़कर 402 इकाई हो गया, जो नवंबर 2023 में 303 इकाई था।

# पिछले 3-4 वर्षों में कंपनियों के लेखा-परीक्षा में सुधार हुआ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- एनएफआरए के प्रमुख पांडेय ने कहा, समय रहते सजग हो

एनएफआरए के प्रमुख अजय भूषण प्रसाद पांडेय ने कहा कि पिछले तीन-चार वर्षों में कंपनियों के लेखा-परीक्षा में सुधार हुआ है। उन्होंने बोर्ड के साथ ही लेखा-परीक्षा समिति के सदस्यों को लेखा परीक्षकों के साथ जुड़ने की जरूरत पर जोर दिया, जिससे समय रहते सजग करने और कॉरपोरेट विफलताओं को रोकने में मदद मिलेगी। कंपनी कानून के तहत अक्टूबर 2018 में गठित राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने कॉरपोरेट विफलताओं के लिए कैफे कॉफी डे, डीएचएफएल और कुछ अन्य बड़े मामलों सहित 80 से अधिक आदेश पारित किए हैं। दो साल से अधिक समय तक निगरानी संस्था के शीर्ष पर रहने वाले पांडेय ने बताया कि कई लेखा परीक्षक अच्छा काम कर रहे हैं। एनएफआरए चेयरपर्सन ने कहा, ''कुल मिलाकर, पिछले 3-4 सालों में कंपनियों के लेखा-परीक्षा में सुधार हुआ है।'

*लेखा परीक्षकों से बातचीत के बाद निर्णय ले : पांडेय ने कहा कि लेखा परीक्षकों और बोर्ड के सदस्यों के बीच एक खास वर्ग ऐसा है, जो संवेदनशील और सतर्क नहीं है, जिसके कारण कई कॉरपोरेट विफलताएं हुई हैं। पांडेय ने कहा कि बोर्ड के सदस्यों और लेखा परीक्षा समिति के लिए लेखा परीक्षकों से बातचीत करना और फिर निर्णय लेना जरूरी है।*

## सरकार ने चिप आयात के लिए पंजीकरण हटाया...



**नई दिल्ली।** सरकार ने चिप आयात निगरानी प्रणाली के तहत कुछ इलेक्ट्रॉनिक एकीकृत सर्किट के अनिवार्य पंजीकरण को हटा दिया है। इस प्रणाली के तहत इन वस्तुओं के आयातकों को आयात के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली में अग्रिम जानकारी प्रदान करनी होगी और पंजीकरण शुल्क की एक निश्चित राशि का भुगतान करके पंजीकरण संख्या प्राप्त करनी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की अधिसूचना के अनुसार, "चिप आयात निगरानी प्रणाली के तहत अनिवार्य पंजीकरण की आवश्यकता को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। इन वस्तुओं में इलेक्ट्रॉनिक एकीकृत सर्किट, मेमोरी और एम्पलीफायर शामिल थे।

# जयपुर में कोचिंग छात्रों के लिए शिक्षा भक्ति और संस्कार का भव्य महोत्सव



- एलन संस्कार महोत्सव का आयोजन

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी एवं गुलाबी नगरी के नाम से प्रसिद्ध जयपुर शहर के लिए शनिवार का दिन यादगार हो गया। यहां कोचिंग स्टूडेंट्स के लिए शिक्षा, भक्ति और संस्कार के भव्य महोत्सव का आयोजन एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड जयपुर द्वारा किया गया। भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान और गणित के सवालों में डूबे हुए कोचिंग के स्टूडेंट्स शनिवार को अलग ही रंग में डूबे नजर आए। विज्ञान के विद्यार्थी अध्यात्म के भावों में डूबे रहे। फूल बरसते रहे और युवा झूमते रहे। इस दौरान एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट का संस्कार से सफलता तक का ध्येय साकार होता दिखा।

एलन संस्कार महोत्सव जयपुर के मानसरोवर में सिटी पार्क के नजदीक शिप्रापथ में मध्यम मार्ग स्थित महर्षि अरविंद स्कूल में आयोजित हुआ। विज्ञान और अध्यात्म के मिलन की यह अनूठी पाठशाला रही, जिसमें 10 हजार से ज्यादा भावी डॉक्टर व इंजीनियर्स भजनों पर झूमे और जीवन में संस्कार का महत्व समझते हुए मार्गदर्शन लिया। महोत्सव में कॅरियर के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कार, संस्कृति, अध्यात्म, ध्यान और धैर्य का पाठ पढ़ाया गया। भक्ति की इस पाठशाला विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावक, शिक्षक और शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए। भक्ति और विज्ञान का यह अनूठा संगम विद्यार्थियों को अध्यात्म और ध्यान से जोड़ने के लिए रहा। इस अवसर पर एलन के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी ने एलन की प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता... से महोत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद महाराज गजानन आओ जी.... छोटी-छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल....., छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना..... सहित कई भजनों पर विद्यार्थी झूमे। इस दौरान एलन के निदेशक डॉ. नवीन माहेश्वरी भी मौजूद रहे। उन्होंने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट व राजस्थान जोनल हैड विजय सोनी व सेंटर हेड सचिन सिंह मौजूद रहे। महोत्सव में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एलन के निदेशक डॉ. गोविंद माहेश्वरी ने कहा कि आप लोग अपने सपनों को साकार करने के लिए एलन से जुड़े हैं। एलन का पूरा प्रयास है कि आप अपने-अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें, इसके लिए आपको अध्यात्म में विश्वास के साथ मेहनत करनी होगी क्योंकि अध्यात्मिकता से जीवन में सार्थक बदलाव आते हैं।

## सिंगल चार्ज पर 1200 किलोमीटर की रेंज का दावा

# सिर्फ 3.47 लाख की बेस्ट्यून शाओमा इलेक्ट्रिक कार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- चीन की कंपनी माइक्रो-ईवी सेगमेंट में हिस्सेदारी बढ़ाएगी

चीन की ऑटोमोबाइल कंपनी बेस्ट्यून ब्रांड ने बीते साल अपनी नई स्मॉल इलेक्ट्रिक कार लांच की थी। इस कार ने लांच होते ही जमकर सुर्खियां बटोरी थी। इसकी असली वजह इस कार की सस्ती होने के साथ दमदार रेंज को होना था। दरअसल, कंपनी बैटरी से जुड़ी ऐसी टेक्नोलॉजी बना चुकी है जो जल्दी चार्ज होकर ज्यादा रेंज देती है। इसी टेक्नोलॉजी के साथ कंपनी ने शाओमा लांच की थी। बेस्ट्यून शाओमा की कीमत 30,000 से 50,000 युआन (करीब 3.47 लाख से 5.78 लाख रुपए) के बीच है। इस कार के साथ कंपनी माइक्रो-ईवी सेगमेंट में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाना चाहती है।

*कार के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस : इस कार को हार्डटॉप और कन्वर्टिबल दोनों वैरिएंट में पेश किया गया है। फिलहाल हार्डटॉप वैरिएंट की बिक्री की जा रही है। यह तय नहीं है कि कन्वर्टिबल वैरिएंट फ्यूचर में सेल्स के लिए लाया जाएगा या नहीं। इस कार में एक टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट भी दिया है, जो 7-इंच की यूनिट है।*

*रेंज : ए2 का उपयोग 2700-3000 एमएम व्हीलबेस वाली कारों के लिए किया जाता है। ईवी के लिए रेंज 800 किमी और एक्सटेंडर के लिए 1200 किमी से अधिक है। दोनों प्लेटफॉर्म 800 वी आर्किटेक्चर का सपोर्ट करते हैं।*



**बैटरी :** उपयोग की गई बैटरी एक लिथियम-आयरन फॉस्फेट यूनिट है, जो गोशन और रेप्ट द्वारा सप्लाई करता है। सेफ्टी के लिहाज से ड्राइवर साइड एयरबैग मिलता है। इसमें 3-डोर दिए हैं। बेस्ट्यून शाओमा 3000एमएम लंबी, 1510एमएम चौड़ी और 1630एमएम ऊंची है। इसका व्हीलबेस 1,953एमएम है।

### माइक्रो इलेक्ट्रिक कारों की मांग बढ़ी

*एफएडब्ल्यू बेस्ट्यून शाओमा का सीधा मुकाबला वूलिंग होंगगुआंग मिनी ईवी से होगा। चीन में माइक्रो इलेक्ट्रिक कारों की डिमांड सबसे ज्यादा है। अब इसका भारतीय बाजार में इंतजार किया जा रहा है। उम्मीद इस बात की है कि इसे जल्द ही भारतीय बाजार में भी लाया जाएगा। हो सकता है कि कंपनी इस साल भारतीय बाजार में इसकी एंट्री का रास्ता साफ कर दे। इसका सीधा मुकाबला टाटा टियागो ईवी और एमजी कॉमेट ईवी से होगा।*


*एयरोडायनामिक व्हील : डैशबोर्ड में आकर्षक डुअल-टोन थीम मिलती है। शाओमा में डुअल-टोन कलर स्कीम है, जो सीधे किसी एनिमेशन फिल्म की तरह लगती है। इसमें ज्यादा आकर्षक प्रोफाइल के लिए गोल किनारों के साथ बड़े चौकोर हेडलैंप हैं।*

# एरिगेसी ने हासिल किए 2800 ईएलओ रेटिंग, आनंद के बाद दूसरे भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी रविवार को गोल्ड स्तर की 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय और दुनिया के 16वें खिलाड़ी बने। वह नवीनतम शतरंज विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं। इस साल बेहतरीन फॉर्म में चल रहे 21 साल के एरिगेसी ने हाल में शतरंज ओलंपियाड में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन के दौरान व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने के अलावा टीम को खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी।





### विश्व शतरंज रैंकिंग

| खिलाड़ी | देश | अंक |
|---|---|---|
| मैग्नस कार्लसन | नॉर्वे | 2831 |
| फाबियानो कारूआना | अमेरिका | 2805 |
| हिकारू नाकामूरा | अमेरिका | 2802 |
| अर्जुन एरिगेसी | भारत | 2801 |
| डोमाराजू गुकेश | भारत | 2783 |

### दुनिया के 16वें खिलाड़ी

*शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे ने 'एक्स' पर लिखा, 'अर्जुन एरिगेसी क्लासिकल शतरंज रेटिंग में 2800 ईएलओ रेटिंग के आंकड़े को पार करने वाले इतिहास के 16वें खिलाड़ी बन गए हैं।'*

### 45वें ओलंपियाड में जीता स्वर्ण

अर्जुन एरिगेसी पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय हैं। दिसंबर 2024 की फिडे रेटिंग सूची में उनकी रेटिंग 2801 है और वह वर्तमान में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी हैं। इस 21 साल के खिलाड़ी ने इसी साल 45वें शतरंज ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम और व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था।'

### 14 साल की उम्र में बने ग्रैंडमास्टर

तेलंगाना के वारंगल में जन्में एरिगेसी ने 14 साल 11 महीने 13 दिन की उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल किया था। सितंबर 2024 में वह भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने थे।

विश्व शतरंज चैंपियनशिप

# डी गुकेश ने लिरेन को काले मोहरों से बराबरी पर रोका



एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच रविवार को यहां खेली गई विश्व शतरंज चैंपियनशिप की छठी बाजी ड्रॉ रही।

दोनों खिलाड़ियों के बीच लगातार तीसरा मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद स्कोर 3-3 से बराबर है। उन्हें चैंपियनशिप जीतने के लिए और 4.5 अंक चाहिए। गुकेश ने 46 चालों के बाद लिरेन को ड्रॉ के लिए मजबूर किया। इस मैच का यह चौथ ड्रॉ मुकाबला था। 32 साल के लिरेन ने पहली बाजी अपने नाम की थी जबकि 18 वर्षीय गुकेश तीसरी बाजी को जीतने में सफल रहे थे। इससे पहले दूसरा, चौथा और पांचवां मुकाबला भी ड्रॉ पर छूटा था। चौदह चरण के मैच में अभी भी आठ गेम बचे हुए है और सोमवार को दूसरे विश्राम दिवस के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच मुकाबला फिर शुरू होगा।

### रूट ने सचिन को पीछे छोड़ा, जीता इंग्लैंड

*क्राइस्टचर्च। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान एक खास उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। रूट ने टेस्ट की चौथी पारी में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में भारत के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। अपना 150वां टेस्ट खेलने वाले रूट ने अपनी टीम की जीत में योगदान दिया और वह 15 गेंदों पर 22 रन बनाकर नाबाद रहे। रूट के अब टेस्ट की चौथी पारी में 1630 रन हो गए हैं, जबकि सचिन ने अपने करियर में इस दौरान 1625 रन बनाए थे। मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हरा दिया है। इस तरह इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।*

## खबर संक्षेप



### आंध्र के खिलाफ कल वापसी करेंगे सूर्यकुमार

**नई दिल्ली।** भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पारिवारिक समारोह में भाग लेने के लिए दो सप्ताह का 'ब्रेक' लेने के बाद मुंबई की तरफ से तीन दिसंबर को आंध्र के खिलाफ होने वाले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मैच से वापसी करेंगे। जैसा कि पहले भी देखने को मिला है, सूर्यकुमार संभवतः इस मैच में कप्तानी नहीं करेंगे और श्रेयस अय्यर ही कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार की अगुवाई में भारत ने हाल में दक्षिण अफ्रीका को 3-1 से हराकर श्रृंखला जीती थी।

### हार्दिक एचआईएल में यूपी का नेतृत्व करेंगे

**लखनऊ।** भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र के लिए यूपी रुद्रास का कप्तान नियुक्त किया गया है। यदु स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली लखनऊ फ्रेंचाइजी की टीम में



प्रियोबर्त तालेम और गुरजोत सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों के अलावा भारत और अंतरराष्ट्रीय हॉकी के कुछ दिग्गज खिलाड़ी जैसे ललित कुमार उपाध्याय, सिमरनजीत सिंह, लार्स बाल्क और केन रसेल शामिल हैं।

### बार्सिलोना की सत्र में घरेलू मैदान पर पहली हार



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना का वर्तमान सत्र में घरेलू मैदान पर चल रहा विजय अभियान आखिरकार थम गया। उसे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के एक मैच में लास पालमास ने 2-1 से हरा दिया। लास पालमास के लिए सैंड्रो रामिरेज और फैबियो सिल्वा ने गोल किए जबकि बार्सिलोना की तरफ से एकमात्र गोल राफिन्हा ने किया। लास पालमास की पिछले 50 वर्षों से भी अधिक समय में बार्सिलोना में यह पहली जीत है।

## सिंधू ने चीन की वू लुओ यू को 21-14, 21-16 से दी मात

# सिंधू और सेन बने सैयद मोदी बैडमिंटन चैंपियन, त्रीसा-गायत्री को युगल खिताब

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

शीर्ष वरीय पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने रविवार को यहां सैयद मोदी इंटरनेशलन बैडमिंटन टूर्नामेंट में दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपनी झोली में डाले। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू (18वीं रैंकिंग) ने चीन की वू लुओ यू (119वीं रैंकिंग) को 21-14, 21-16 से मात देकर तीसरी दफा इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया और लंबे समय से चले आ रहा खिताब का सूखा समाप्त किया। वह इससे पहले 2017 और 2022 में भी ट्रॉफी जीत चुकी हैं।

पुरुष एकल फाइनल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए खिताबी भिड़ंत में सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को 21-6, 21-7 से मात दी। पूर्व विश्व चैंपियन 29 वर्ष की सिंधू ने दो साल बाद पोडियम पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने आखिरी खिताब जुलाई 2022 में सिंगापुर ओपन में जीता था। इस साल वह मई में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 के फाइनल में भी पहुंची। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक के प्लेऑफ में मिली निराशाजनक हार के बाद लक्ष्य की जीत राहत देने वाली है। इस जीत से निश्चित रूप से नए सत्र से पहले उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।






### 40 मिनट में जीता खिताब



भारतीय बैडमिंटन को दिन में जश्न मनाने का एक और मौका मिला जब त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बाओ ली जिंग और ली कियान की चीन की जोड़ी को महज 40 मिनट में 21-18, 21-11 में हराकर अपना पहला सुपर 300 खिताब जीता। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता जोड़ी के लिए यह जीत ऐतिहासिक है क्योंकि त्रीसा और गायत्री इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला युगल जोड़ी बन गईं। यह जोड़ी 2022 चरण में उपविजेता रही थी।

### दो जोड़ियां रहीं उपविजेता

भारत के पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक की पुरुष युगल जोड़ी तथा तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल टीम ने अपना अभियान उप विजेता के तौर पर समाप्त किया। पृथ्वी और साइ ने 71 मिनट तक चले पुरुष युगल फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन उन्हें चीन के हुआंग डि और लियू यांग से 14-21, 21-19, 17-21 से हार का मुंह देखना पड़ा। पांचवी वरीयता प्राप्त तनीषा और ध्रुव की जोड़ी एक गेम की बढ़त गंवाकर मिश्रित युगल के फाइनल में थाईलैंड के डेचापोल पुआवारानुक्रोह और सुपिसारा पाएवसम्प्रान की जोड़ी से 21-18 14-21 8-21 से पराजित हो गई।

चैंपियंस ट्रॉफी चुनौती

# शाह ने संभाला आईसीसी अध्यक्ष का कार्यभार

एजेंसी ▶▶| दुबई



भारतीय क्रिकेट बोर्ड के निवर्तमान सचिव जय शाह ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया। शाह का तात्कालिक लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर उत्पन्न गतिरोध को समाप्त करने का होगा। इसके साथ उनके सामने क्रिकेट को व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य ओलंपिक खेल बनाने की चुनौती होगी। वह इस वैश्विक संस्था का नेतृत्व करने वाले पांचवें भारतीय हैं।

छत्तीस साल के शाह पिछले पांच वर्षों से बीसीसीआई सचिव हैं। वह आईसीसी के निदेशक मंडल की सर्वसम्मत पसंद थे। शाह ने न्यूजीलैंड के वकील ग्रेग बार्कले का स्थान लिया, जो लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पद पर बने रहने के इच्छुक नहीं थे। शाह से पहले व्यवसायी दिवंगत जगमोहन डालमिया, राजनेता शरद पवार, वकील शशांक मनोहर और उद्योगपति एन श्रीनिवासन विश्व क्रिकेट संस्था का नेतृत्व करने वाले भारतीयों में शामिल रहे हैं।

# शीतल देवी साल की सर्वश्रेष्ठ पैरा खिलाड़ी

## फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स ने आयोजित किया सम्मान समारोह

एजेसी ▶▶| नई दिल्ली

पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता शीतल देवी को 'फिक्की इंडिया स्पोर्ट्स अवाड्र्स 2024' के रूप में साल का सर्वश्रेष्ठ पैरा खिलाड़ी जबकि घरेलू क्रिकेट में तेजी से उभरते आयुष म्हात्रे और युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अनमोल खरब को साल का सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी चुना है।

फिक्की मुख्यालय में यहां शनिवार को आयोजित समारोह में कई श्रेणियों में भारतीय खेलों में उत्कृष्टता का जश्न मनाया गया। भारतीय खो-खो महासंघ को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय खेल महासंघ नामित किया गया जबकि रग्बी इंडिया को सर्वश्रेष्ठ विकासात्मक कार्य का एनएसएफ पुरस्कार मिला। खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने



इस पुरस्कार को लेने के बाद कहा, 'यह पुरस्कार प्राचीन भारतीय खेल के विकास और प्रोत्साहन के लिए खो खो महासंघ द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की पहचान है।' पूर्व भारतीय महिला बास्केटबॉल कप्तान रसप्रीत सिद्धू को खेलों में लंबे समय तक योगदान देने का व्यक्तिगत योगदान पुरस्कार मिला, जबकि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष डॉ. आदिल सुमारिवाला को 'लाइफटाइम अचीवमेंट ऑफ द ईयर' पुरस्कार मिला।

### तमिलनाडु को सर्वश्रेष्ठ खेल प्रोत्साहन अवार्ड

तमिलनाडु को सर्वश्रेष्ठ खेल प्रोत्साहन राज्य चुना गया, जबकि बिहार ने उभरते हुए खेल प्रोत्साहन राज्य का पुरस्कार जीता। प्रो कबड्डी लीग में 10 वें सत्र के चैंपियन पुणेरी पल्टन को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ खेल फ्रेंचाइजी नामित किया गया तथा 'इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट' ने सर्वश्रेष्ठ 'हाई परफोरमेंस' खेल केंद्र का पुरस्कार जीता। कॉर्पोरेट क्षेत्र में इंडियन ऑयल को सर्वश्रेष्ठ कॉर्पोरेट खेल विकास प्रोत्साहन (सार्वजनिक) का पुरस्कार दिया गया, जबकि जीएमआर स्पोर्ट्स को निजी क्षेत्र में यही सम्मान प्राप्त हुआ।

# अभ्यास मैच : गिल ने जड़ा अर्धशतक मध्यक्रम में उतरे रोहित, जीता भारत

एजेंसी ▶▶| कैनबरा



शुभमन गिल ने प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ वर्षा से प्रभावित गुलाबी गेंद के दिन-रात्रि अभ्यास मैच में अर्धशतक के साथ अपनी अंगूठे की चोट से जुड़ी चिंताओं को दूर किया जबकि कप्तान रोहित शर्मा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे।

भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता। यह देखना होगा कि रोहित एडीलेड में शुक्रवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में पारी का आगाज करने के लिए उतरते हैं या नहीं। प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ पहले दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ने के बाद दूसरे दिन मैच को 46 ओवर का कर दिया गया। प्रधानमंत्री एकादश ने भारत को 241 रन का लक्ष्य दिया जो टीम ने 42.5 ओवर में चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टीम ने इसके बाद पूरे ओवर बल्लेबाजी की और 46 ओवर में पांच विकेट पर 257 रन बनाए।

फ्लैट बेचना है
किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867




### ब्रैथवेट ने खेला लगातार 86वां टेस्ट, सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ा

**किंग्सटन।** वेस्टइंडीज के कप्तान क्रैग ब्रैथवेट ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में उतरकर कैरेबियाई टीम की तरफ से लगातार सर्वाधिक मैच खेलने का गारफील्ड सोबर्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया। ब्रैथवेट का यह लगातार 86वां टेस्ट मैच था। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान सोबर्स ने 1955 से लेकर 1972 तक लगातार 85



टेस्ट मैच खेले थे। उन्होंने 1974 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अपना 96वां टेस्ट मैच खेल रहे ब्रैथवेट ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था लेकिन 2014 के बाद से उन्होंने कोई टेस्ट नहीं छोड़ा है। लगातार सर्वाधिक टेस्ट मैच खेलने का विश्व रिकॉर्ड इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक के नाम पर दर्ज है। उन्होंने लगातार 159 टेस्ट मैच खेले थे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10, भिलाई (छ.ग.) - 490006
फोन: 0788 - 2261892, 2264992, ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com

बिक्री सूचना संपत्तियों की ई-नीलामी- "परिशिष्ट- IV - ए (नियम 6 (2) और 8 (6) देखें)"

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के अंतर्गत चल / अचल संपत्तियों की ई-नीलामी रखी गई हैं। इस सूचना के द्वारा आम जनता और विशेषकर ऋणी, बंधककर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता हैं कि निम्नवर्णित दृष्टिबंधक / गिरवीं / बंधक चल / अचल संपत्तियों जो कि प्रतिभूति लेनदार के पक्ष में, जिनका सांकेतिक / भौतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका हैं कि बिक्री निम्नवर्णित खातों में वसूली के लिए ई-नीलामी द्वारा " जो हैं जहां हैं ", " जो हैं जैसी हैं " एवं " जो कुछ भी हैं " के आधार पर रखी गई हैं। कर्जदारों / जमानतदारों / सिक्योर्ड एसेट्स / बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तारीख, समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया हैं:-

| क्र. | ऋणकर्ता/जमानतदार (ओं) बंधककर्ता (ओं) का विवरण | चल/अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण के साथ बैंक की जानकारी में कोई अधिभार नहीं हैं. | कुल बकाया राशि | 1. प्रारक्षित मूल्य 2. बयाना एवं 3. बोली वृद्धि राशि | कब्जे का स्वरूप सांकेतिक/ भौतिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती भारती गजभिये पति श्री दिलीप गजभिये, एलआईजी 53, हाउसिंग बोर्ड चरोदा, भिलाई, चरोदा बीएमवाई, दुर्ग, हाउसिंग बोर्ड चरोदा, दुर्ग, छत्तीसगढ़ - 490025 | साम्यिक बंधक संपत्ति का खसरा नं.- 484 / 29, प.ह. नं.-56, कसारडीह, वार्ड नं.-39, कचहरी वार्ड, एनपीएन दुर्ग 1, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.), क्षेत्रफल- 1000 वर्गफीट हैं जो श्रीमती भारती गजभिये के नाम पर हैं. सीमाएं: उत्तर- 25 फीट रोड, दक्षिण- श्रीमती रीनू पांडे, पूर्व- श्री सौरभ बड़रिया, पश्चिम - श्री प्रभात पांडे का मकान. | रु. 23,87,121.05 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 23,47,000.00 रु. 2,34,700.00 रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |
| 02 | श्री यशोनिधि साहू पिता श्री प्रकाश साहू (उधारकर्ता) श्री प्रकाश साहू पिता श्री लक्ष्मीनारायण साहू (सह-उधारकर्ता) | आवासीय फ्लैट स्थित मौजा पुलगांव चौक, वार्ड नं. 54, ब्लॉक नं. ई-303, खसरा नं.-148 / 5 (पी),148 / 24 (पी), 210 / 1 (पी), 210 / 2 (पी), 210 / 3 (पी), एवं 211 का भाग, ऋषभ ग्रीन सिटी " ओवायएनएक्स" पुलगांव, दुर्ग, तहसील एवं जिला- दुर्ग, छ.ग.- 491001, फ्लैट निर्मित क्षेत्रफल- 805.81 वर्गफीट. सीमाएं: उत्तर- फ्लैट नं.- ई / 304, दक्षिण- खुला आसमान, पूर्व- खुला आसमान, पश्चिम- लॉबी. | रु. 29,51,280.40 + ब्याज + अन्य प्रभार | रु. 21,73,000.00 रु. 2,17,300.00 रु. 10,000.00 | भौतिक कब्जा |

ई-नीलामी की तिथि एवं समय 17.12.2024, दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक एवं संपत्ति निरीक्षण करने की तिथि एवं समय 11.12.2024 प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक। बिक्री संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए, कृपया https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाइन ई-नीलामी पोर्टल https://ebkray.in में दिये गये लिंक का संदर्भ लें. भावी बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी से मो. नं. 8817410471 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 02.12.2024, स्थान: भिलाई (छ.ग.)
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

# 19 छात्राओं ने शिक्षक पर लगाया शोषण का आरोप, महिला प्रधान पाठक ने दिया संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

एमसीबी जिले के जनकपुर में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि सूरजपुर जिले से एक और बड़ी घटना सामने आई है। गुरु शिष्य के रिश्ते को कलंकित करते हुए एक शिक्षक ने स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों से अश्लिक हरकतें करने के साथ ही गंदी बातें करता रहा। स्कूल में पढ़ने वाली 19 बच्चियों ने शिक्षक पर शोषण का आरोप लगाया है। हैरानी की बात तो यह है कि शिक्षक की इस हरकत को स्कूल की महिला प्रधान पाठक नजर अंदाज कर मामले को दबाती रही। बच्चियों ने बाल संरक्षण अधिकारियों से टोल फ्री नंबर में जब अपने साथ हो रही घटना की जानकारी दी तो जिले में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने जांच टीम का गठन किया और जांच उपरान्त शिक्षक व प्रधान पाठक को निलंबित करने के साथ ही उनके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि सोनगरा आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के कक्षा 6वीं से 8वीं तक की छात्राओं ने बाल संरक्षण विभाग के टोल फ्री नंबर में फोन कर अपने साथ हो रहे शोषण की शिकायत की थी। बच्चियों द्वारा दी गई शिकायत के बाद जिलेभर में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर ने जांच टीम का गठन किया।

## महिला प्रधान पाठक पर सहयोग करने का आरोप

बच्चियों द्वारा की गई शिकायत के बाद एसडीएम ललिता भगत, बीईओ एमएस ध्रुव, नायब तहसीलदार सरिता रजवाड़े, बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल ने बच्चियों का बयान लिया। अपने बयान में बच्चियों ने शिक्षक सुमन कुमार रवि पर शोषण का आरोप लगाया। गुरु शिष्य के पवित्र रिश्ते को शर्मसार करने वाली घटना में बच्चियों ने आरोप लगाया कि शिक्षक सुमन कुमार रवि लम्बे समय से बच्चियों से अश्लील हरकतें की जा रही थी। शिक्षक बच्चियों से गंदी बातें करने के साथ ही पीठ, बांह को गलत तरीके से हाथ लगाया जाता था।




## किया गया है निलंबित

बाल संरक्षण अधिकारी ने स्कूल में जागरूकता शिविर लगाया था जिसके बाद ही बच्चियों ने घटना की शिकायत की थी। कलेक्टर के निर्देश पर गठित टीम द्वारा जांच कर बच्चियों के बयान लिए गए। बयान में बच्चियों ने शिक्षक व प्रधान पाठक पर आरोप लगा। जांच रिपोर्ट कलेक्टर व डीईओ को प्रस्तुत की गई जिसके बाद दोनों को निलंबित कर दिया गया है।

**एमएस ध्रुव**, बीईओ

## चल रही है तलाश

घटना की शिकायत के बाद मामले में प्रधान पाठक व शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। निलंबन के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए है इस लिए उनकी तलाश जारी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।


**प्रशांत कुमार ठाकुर**, एसएसपी सूरजपुर

## इस तरह खुला मामला

बताया जा रहा है कि जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा पिछले दिनों सोनगरा शासकीय स्कूल में जागरूकता शिविर लगाया गया था। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चियों को गुड़ टच-बैड टच सहित अन्य जानकारियां दी गई थी। इसके साथ ही उन्हें टोल फ्री नंबर के बारे में बताया गया था ताकि किसी बच्ची के साथ स्कूल में कोई गलत हरकत होती है तो वे इसकी शिकायत कर सकें। इसी टोल फ्री नंबर पर बच्चियों ने 23 नवंबर को फोन कर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद जिले में हड़कंप मचा तो कलेक्टर ने 25 नवंबर को जांच टीम का गठन किया। जांच टीम ने 26 नवंबर को मामले की जांच करने के साथ ही रिपोर्ट कलेक्टर व डीईओ को प्रस्तुत की और जांच में आरोप की पुष्टि होने के बाद 27 नवंबर को कलेक्टर के निर्देश पर स्कूल में पदस्थ शिक्षक सुमन कुमार रवि, प्रधान पाठक श्रीमती अनीता बेक को निलंबित कर दिया गया लेकिन इस पूरे मामले को शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने दबा दिया था।

## एलएस लोरी की बनाई दुर्लभ पेंटिंग हुई नीलाम, 1.07 करोड़ में हुई नीलाम

**नई दिल्ली।** दुनिया में मशहूर चित्रकारों की बनाई गई पेंटिंग लोग बड़े शौक से खरीदते हैं और उनके लिए लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर देते हैं। इसी कड़ी में अब एलएस लोरी (लॉरेंस स्टीफन लोरी) नामक चित्रकार द्वारा बनाई गई एक दुर्लभ पेंटिंग की नीलामी की गई है। इस पेंटिंग में इंग्लैंड के कैंब्रियन नामक स्थान का एक खूबसूरत दृश्य है। नीलामी में इस नायाब कलाकृति की कीमत 1.07 करोड़ रुपये लगाई गई थी। आइए नीलामी के विषय में विस्तार से जानते हैं। इस पेंटिंग की नीलामी मिशेल नामक नीलामी घर द्वारा आयोजित करवाई गई थी, जो प्राचीन वस्तुओं और ललित कलाओं का हिस्सा थी। इस नीलामी का आयोजन 28 नवंबर को कॉकरमाउथ में किया गया था। इस नीलामी के दौरान एलएस लोरी की कुल 8 पेंटिंग बेची गई थी, जिनमें 2 लेक डिस्ट्रिक्ट पेंटिंग भी शामिल थीं। नीलामी घर के मुताबिक, लोरी की 7 कलाकृतियां कुल 1.26 करोड़ में बेची गईं थीं।




## दुनिया की सबसे बड़ी इमारत बना ये मुर्गे के आकार का रिजॉर्ट

**कैम्पुएस्टोहान।** आपने मुर्गे के आकार में कई तरह के खिलौने देखे होंगे, लेकिन क्या आपने इस आकार की इमारत देखी है? फिलीपींस के नेग्रोस ऑक्सिडेंटल में स्थित कैम्पुएस्टोहान शहर में एक विशाल मुर्गे के आकार की इमारत का नाम गिनीज बुक में शामिल हुआ है। यह इमारत कैम्पुएस्टोहान हाईलैंड रिजॉर्ट है, जिसकी ऊंचाई 34.931 मीटर (114 फीट 7 इंच), चौड़ाई 12.127 मीटर (39 फीट 9 इंच) और लंबाई 28.172 मीटर (92 फीट 5 इंच) है।



### इस साल सितंबर में बनकर तैयार हुई

इस परियोजना के पीछे रिकार्डो कैनो ग्वापो टैन हैं, जिनका कहना है कि वह कुछ अनोखा बनाना चाहते थे। रिकार्डो को इस परियोजना को शुरू करने की जल्दी थी और इसकी योजना बनाने में उन्हें लगभग 6 महीने का समय लगा। 10 जून, 2023 को इस अनोखी इमारत का निर्माण शुरू हुआ और इस साल 8 सितंबर तक गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के खिताब के साथ पूरी इमारत बन गई। जब मीडिया ने रिकार्डो से पूछा कि उन्होंने मुर्गे के आकार की इमारत बनाने के बारे में ही क्यों सोचा? इसका जवाब देते हुए रिकार्डो ने कहा, "नेग्रोस ऑक्सिडेंटल का एक गेमफाउल उद्योग है, जो फिलीपींस में लाखों लोगों को रोजगार देता है। अगर आप मुर्गे को देखते हैं तो यह शांत और कमांडिंग, प्रभावशाली और मजबूत दिखता है, जो हमारे लोगों के दृष्टिकोण को दर्शाता है।"










Toll Free Number: 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Based on the data available in the public forum for products in 125cc Motorcycle segment. *Terms & Conditions Apply.

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017/9993861888, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, झगरंडी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025, कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 9893542300/ 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, फिंगेश्वर: अभिषेक ऑटो, 9977737000 / 9300093200, भिलाई-3: महावीर मोटर्स, 8109100019, कुरुद: शिव ऑटो, 8305711110/ 9993454103, भानुप्रतापपुर: संस्कार मोटर्स, 8085053343/7898813343, गोहरा पादर: गोविंद ऑटो केयर, 9303664769, इरपिनार: अंशु ऑटो, 6261421161,, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983

FCB INTERFACE/4059/DEC2024/ENGLISH

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com